

MPHIN/2021/83938

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



ग्वालियरः वर्षः4 : अंकः 8 | ग्वालियर, मंगलवार 24, सितंबर 2024 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए


## न्यूज़ ट्रैक

### अमरावती में बड़ा हादसा, खाई में बस गिरने से तीन लोगों की हुई मौत; 50 घायल



अमरावतीः- जिले के परतवाड़ा धरणी मार्ग पर बड़ा हादसा हुआ है। यहां सेमाडोह के पास एक प्राइवेट बस हादसे का शिकार हो गई। बताया जा रहा है कि बस जा रही थी, तभी अचानक अनियंत्रित खाई में गिर गई। खाई में बस गिरने की वजह से उसमें सवार तीन लोगों की मौत हो गई है, जबकि 50 लोग घायल हो गए हैं। इसमें कई लोग गंभीर रूप से भी घायल बताए जा रहे हैं। हादसे के बारे में बताया जा रहा है कि मेलघाट में घुमावदार सड़क होने की वजह से ड्राइवर ने नियंत्रण खो दिया, जिसकी वजह से बस खाई में गिर कई। वहीं इस हादसे के बाद किसी तरह से कुछ यात्री बाहर निकले और बाकी के यात्रियों को भी बाहर निकाला। मौके पर राहत और बचाव का कार्य जारी है। अभी तक मिली जानकारी के मुताबिक तीन लोगों की मौत हुए है, जबकि 50 लोग घायल बताए जा रहे हैं। आनन-फानन में घायलों को सेमाडोह प्रथामिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। वहीं आशंका जताई जा रही है कि मृतकों की संख्या अभी और भी बढ़ सकती है। मौके पर राहत और बचाव कार्य के लिए एनडीआरएफ की टीम भी रवाना कर दी गई है। वहीं एक अन्य मामले में बुलढाणा जिले में 'कंक्रीट' के खंभों से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट जाने से दो मजदूरों की मौत हो गई। इस हादसे में तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना रविवार दोपहर बोराखेड़ी-वडगांव मार्ग पर हुई। एक व्यक्ति ने बताया कि तीन घायल व्यक्तियों में उसका 22 वर्षीय एक रिश्तेदार भी शामिल है, जिसने हाल में अग्निवीर की भर्ती परीक्षा पास की थी। ट्रैक्टर-ट्राली में 'कंक्रीट' के खंभे रखे हुए थे और पांचों व्यक्ति भी उस पर सवार थे।

### नोएडा के गार्डन गैलेरिया मॉल में 2 पक्षों में विवाद के बाद फायरिंग, मचा हड़कंप



**नोएडा।** यूपी के नोएडा स्थित गार्डन गैलेरिया मॉल से चौंकाने वाला मामला सामने आया है। मॉल की पार्किंग में दो पक्षों के बीच हुआ विवाद इतना बढ़ गया कि फायरिंग तक हो गई। पुलिस ने इस मामले में युवकों को गिरफ्तार किया है। नोएडा का गार्डन गैलैरिया मॉल एक बार फिर सुर्खियों में है। शराब के नशे में मॉल की पार्किंग में दो पक्षों के बीच हुए विवाद में एक पक्ष की तरफ से फायरिंग की गई। इसमें कोई हताहत नहीं हुआ है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची कोतवाली सेक्टर ×9 पुलिस ने तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। गार्डन गैलैरिया मॉल में रविवार रात को खुर्जा से चार-पांच युवक जन्मदिन की पार्टी मनाने गार्डन गैलेरिया आए थे। यहां पर ऑस्कर बार में इन लोगों ने शराब पी और जाने के दौरान पार्किंग के पास निठारी के युवकों से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। इसमें खुर्जा से आए एक युवक ने फायरिंग कर दी। इसके बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और एडीसीपी मनीष मिश्रा ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने तीन युवकों को गिरफ्तार किया गया है।

### राजस्थानः भारत-पाक बॉर्डर पर नशे के कारोबारियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

साल 2024 में कई नशे का कारोबार करने वाले पुलिस के हत्थे चढ़े थे। इन पर एनडीपीएस के कई मामले दर्ज थे। इन अपराधियों के घर, मकान और संपत्तियों को सीज किया गया और घरों पर बुलडोज़र भी चलाए गए। इनमें से अधिकांश तस्कर पाकिस्तान से आने वाली हेरोइन की सप्लाई करते थे। पाकिस्तान की तरफ से ड्रोन से हेरोइन के बड़े-बड़े पैकेट भी गिराए जाते हैं, उनको सीज़ किया जाता है। पंजाब से लगती सीमा होने के चलते बड़ी तादाद में यहां नशे की खेप सप्लाई करने के लिए तस्कर प्रयास करते हैं। इन तस्करों को गिरफ्तार कर उनके घरों में बुलडोजर चलाए गए हैं। कुछ दिन पहले ये कार्रवाई एक साथ हुई है। स्क्कगौरव यादव के निर्देशन में ये कार्रवाई हुई है। हालही में सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा आदेश देते हुए पूरे देश में बुलडोजर एक्शन पर रोक लगा दी थी। उत्तर प्रदेश समेत अन्य राज्यों में बुलडोजर की कार्रवाई के खिलाफ दाखिल जमीयत उलेमा ए हिंद की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान ये निर्देश दिया गया था। जस्टिस बी आर गवई और जस्टिस के वी विश्वनाथन की बेंच ने ये निर्देश दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि अगले आदेश तक देश भर में तोड़फोड़ पर रोक रहेगी।

# सोनिया गांधी को लेकर कंगना ने क्या कहा, जिस पर मच गया बवाल

हिमाचल प्रदेश के मंडी से बीजेपी सांसद और अभिनेत्री कंगना रनौत के एक नए बयान पर सियासी बवाल मचा हुआ है। कंगना रनौत ने आरोप लगाया है कि हिमाचल प्रदेश सरकार कर्ज लेती है और पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी की गोद में डाल देती है। इस तरह वह कांग्रेस की झोली भर रही है। सोनिया गांधी ने राज्य के खजाने को खोखला कर दिया है और हिमाचल की ये दुर्दशा हुई है। हिमाचल के बच्चों के भविष्य पर कुल्हाड़ी मारी जा रही है। यह देखकर उन्हें बहुत दुख होता है।

वहीं, अब हिमाचल प्रदेश सरकार में लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने बीजेपी सांसद कंगना रनौत पर पलटवार किया है। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि कंगना मानसिक दिवालियापन का शिकार हैं। उन्होंने कहा कि वह बिना सिर-पैर की बयानबाजी करती हैं। अगर उन्होंने सोनिया गांधी से माफी नहीं मांगी, तो वह उन पर मानहानि का दावा ठोकेंगे। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि सेंसर बोर्ड ने कंगना रनौत की फिल्म को ब्लॉक किया है, इसलिए वे इन



दिनों घर पर आई हुई हैं और घर पर बैठकर बिना सिर पैर की बयानबाजी कर रही हैं। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि कंगना रनौत को अपने बयान से जुड़े हुए तथ्य पेश करने चाहिए। यदि वे इससे जुड़े तथ्य पेश नहीं कर सकती, तो उन्हें सोनिया गांधी से माफी मांग लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि कोई अनपढ़ व्यक्ति भी ऐसी बातें नहीं कहेगा। विक्रमादित्य ने कंगना रनौत को चुनौती दी है कि वह एक रुपये की भी हेर फेर के तथ्य पेश करके दिखाएं। विक्रमादित्य सिंह ने वक्फ बोर्ड में भी सुधार किए जाने की बात कही और कहा कि प्रदेश में आंतरिक सुरक्षा बनाएं रखना सरकार का दायित्व है लेकिन प्रदेश में जिस तरह का माहौल पिछले कुछ दिनों से बना हुआ है ऐसे में वक्फ बोर्ड की संपतियों, जमीन और पैसों के लेन-देन की जानकारी लोगों के बीच में आनी चाहिए। वहीं, हिमाचल कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने कहा कि सांसद कंगना रनौत बिना तथ्य की बयानबाजी कर रही हैं। ऐसा कोई कैसे सोच सकता है कि केंद्र से आ रही सहायता और राज्य के लिए लिया जा रहा कर्ज सोनिया गांधी के खाते में जा रहा हो। ऐसा बयान उनकी मानसिकता को दर्शाता है। इस तरह का बयान बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।

## तिरुपति विवाद पहुंचा सुप्रीम कोर्ट, सुब्रमण्यम स्वामी ने दायर की जनहित याचिका जांच की उठाई मांग

नई दिल्लीः- विश्व प्रसिद्ध तिरुपति बालाजी मंदिर के प्रसाद में मिलावट के मामले में अब सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई है। बीजेपी नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने ये जनहित याचिका दायर की है। सुब्रमण्यम स्वामी ने मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू के द्वारा लगाए गए मिलावट के आरोपों की जांच करने की मांग की है। बता दें कि आंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू ने हाल ही में एनडीए विधायक दल की बैठक के दौरान तिरुपति बालाजी मंदिर के प्रसाद में पशु चर्बी की मिलावट करने का आरोप लगाया था। हालांकि पूर्व मुख्यमंत्री जगनमोहन रेड्डी ने इसे राजनीतिक बयानबाजी बताया है। देश के सबसे अमीर मंदिर का प्रबंधन करने वाले बोर्ड ने शुक्रवार को खुलासा किया कि उसे गुणवत्ता की जांच के लिए भेजे गए नमूनों में घटिया गुणवत्ता



के घी और पशु चर्बी की मिलावट का पता चला है। लड्डू में पशु चर्बी की मिलावट का दावा आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने किया था। इस मुद्दे को लेकर पूर्ववर्ती वाईएसआर कांग्रेस पार्टी की सरकार पर आरोप लगाए जाने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री वाई एस जगनमोहन रेड्डी ने इसे ''ध्यान भटकाने की राजनीति'' और ''मनगढ़ंत कहानी'' बताया।

वहीं पूरे विवाद के बाद केंद्र सरकार ने इस मामले पर आंध्र प्रदेश सरकार से रिपोर्ट मांगी है और उचित कार्रवाई करने का वादा किया है। केंद्रीय खाद्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने आरोपों की जांच कराने की बात कही है। टीटीडी ने शुक्रवार को प्रयोगशाला की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि घी में 'चर्बी' और अन्य अशुद्धियां पायी गयी हैं। टीटीडी के कार्यकारी अधिकारी जे. श्यामला राव ने कहा कि प्रयोगशाला की जांच में नमूनों में पशु वसा और चर्बी पायी गयी है और बोर्ड इस 'मिलावटी' घी की आपूर्ति करने वाले ठेकेदार को ''ब्लैकलिस्ट'' करने की प्रक्रिया में है।

### राव कोचिंग के मालिक को अंतरिम जमानत, 30 नवंबर तक 2.5 करोड़ रुपये जमा करने के निर्देश

दिल्ली कोचिंग सेंटर में हुए हादसे के मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट ने राव कोचिंग सेंटर के मालिक को अंतरिम जमानत दे दी है। कोर्ट ने कोचिंग सेंटर के सीईओ अभिषेक गुप्ता और कोऑर्डिनेटर देशपाल सिंह को सात दिसंबर तक अंतरिम जमानत दी है। इससे पहले हाई कोर्ट ने बेसमेंट के चार सह मालिकों की अंतरिम जमानत दी थी। कोर्ट ने राव कोचिंग के सीईओ अभिषेक गुप्ता को रेड क्रॉस सोसाइटी में 30 नवंबर तक ढाई करोड़ रुपये जमा करने का निर्देश दिया है। दिल्ली के राजेंद्र नगर





कोचिंग सेंटर में लाइब्रेरी में पानी भरने से तीन छात्रों की मौत हो गई थी। कोचिंग सेंटर ने लाइब्रेरी बेसमेंट में बना रखी थी, जो कि नियमों के खिलाफ है। इसी वजह से कोचिंग के संचालक और मालिक को गिरफ्तार कर लिया गया था। अब उन्हें अंतरिम जमानत दी गई है। दिल्ली में भारी बारिश के बाद नाले उफान पर थे। कई जगहों पर नालों की सफाई भी नहीं हो पाई थी। ऐसे में जलजमाव की स्थिति बन रही थी। राजेंद्र नगर में एक कोचिंग सेंटर में लाइब्रेरी में बच्चे पढ़ रहे थे। लाइब्रेरी बेसमेंट में बनी हुई थी। नालों में पानी का दबाव बढ़ने से बाढ़ का पानी बेसमेंट में घुसने लगा। पानी भरने से बिजली काट दी गई और लाइब्रेरी का स्वचलित गेट बंद हो गया। इससे छात्र बेसमेंट में ही फंस गए। रस्सी और सीढ़ियों के सहारे उन्हें बाहर निकाला गया, लेकिन समय रहते सभी छात्रों का रेस्क्यू नहीं हो सका।


### नोएडा के गार्डन गैलेरिया मॉल में 2 पक्षों में विवाद के बाद फायरिंग, मचा हड़कंप


नोएडाः- यूपी के नोएडा स्थित गार्डन गैलेरिया मॉल से चौंकाने वाला मामला सामने आया है। मॉल की पार्किंग में दो पक्षों के बीच हुआ विवाद इतना बढ़ गया कि फायरिंग तक हो गई। पुलिस ने इस मामले में 3 युवकों को गिरफ्तार किया है। नोएडा का गार्डन गैलैरिया मॉल एक बार फिर सुर्खियों में है। शराब के नशे में मॉल की पार्किंग में दो पक्षों के बीच हुए विवाद में एक पक्ष की तरफ से फायरिंग की गई। इसमें कोई हताहत नहीं हुआ है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची कोतवाली सेक्टर 39 पुलिस ने तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। गार्डन गैलैरिया मॉल में रविवार रात को खुर्जा से चार-पांच युवक जन्मदिन की पार्टी मनाने गार्डन गैलेरिया आए थे। यहां पर ऑस्कर बार में इन लोगों ने शराब पी और जाने के दौरान पार्किंग के पास निठारी के युवकों से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। इसमें खुर्जा से आए एक युवक ने फायरिंग कर दी। इसके बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और एडीसीपी मनीष मिश्रा ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने तीन युवकों को गिरफ्तार किया गया है।

## मंगेश यादव के मामले में कहा था- 'जात' देखकर जान ली गई



उत्तर प्रदेश पुलिस के विशेष कार्यबल (स्नृस्न) के साथ उन्नाव में हुई मुठभेड़ में मारे गए आरोपी अनुज प्रताप सिंह के पिता धर्मराज सिंह ने समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि सपा मुखिया अखिलेश यादव की इच्छा पूरी हो गई और ठाकुर का भी ''एनकाउंटर'' हो गया। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि सुल्तानपुर में पिछले माह एक सर्राफा कारोबारी की दुकान में हुई डकैती के मामले का एक और आरोपी अमेठी जिले के मोहनगंज थाना क्षेत्र के जनापुर निवासी अनुज प्रताप सिंह सोमवार को उत्तर प्रदेश एसटीएफ के साथ उन्नाव में हुई मुठभेड़ में मारा गया। इस मुठभेड़ के कुछ घंटों बाद ही आरोपी अनुज के पिता धर्मराज सिंह ने कहा, ''सपा मुखिया अखिलेश यादव की इच्छापूर्ति हो गई, ठाकुर का भी 'एनकाउंटर' हो गया। उन्होंने पत्रकारों से कहा, ''मुझे अब तक (मुठभेड़ की) कोई जानकारी नहीं दी गई है। मीडिया के माध्यम से जो जानकारी हुई है, वही पता है।'' सिंह ने कहा, ''अब अखिलेश यादव की इच्छा पूरी हुई, मेरा बेटा राजनीति का शिकार हुआ। मेरे बेटे पर सिर्फ एक-दो मुकदमे अभी तक दर्ज थे और सुलतानपुर लूट मामले में नाम आया था, लेकिन जिसके ऊपर 30 मामले हैं, उनका कुछ नहीं हो रहा है।'' अनुज के पिता ने कहा कि जिस पर एक-दो मामले हैं उसका 'एनकाउंटर' किया जा रहा है। यह सरकार है, कुछ भी कर सकती है। इससे पहले एसटीएफ ने 5 सितंबर को इसी केस में मंगेश यादव का एनकाउंटर का किया था। जिसके बाद अखिलेश यादव ने ये आरोप लगाए थे कि यह एनकाउंटर जाति देखकर किया गया है। अखिलेश ने 5 सितंबर को 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा, ''लगता है कि सुलतानपुर की डकैती में शामिल लोगों का सत्ता पक्ष से गहरा नाता था। इसीलिए तो नकली मुठभेड़ से पहले मुख्य आरोपी से संपर्क साधकर आत्मसमर्पण करा दिया गया और अन्य सपक्षीय लोगों के पैरों में सिर्फ दिखावटी गोली मारी गई और 'जात' देखकर जान ली गई।

## हम बंटे थे तो कटे थे, इसलिए 500 साल तक अयोध्या में इंतजार करना पड़ाः सीएम योगी

मिर्जापुर/लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को एकजुटता पर जोर देते हुए कहा कि हम बंटे थे तो कटे थे, इसलिए पांच सौ वर्ष तक अयोध्या (राम मंदिर निर्माण) में इंतजार करना पड़ा। योगी ने प्रदेश की पूर्ववर्ती सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि जाति का नंगा खेल खेलने वाले लोग माफिया व दुर्दांत अपराधियों और दंगाइयों के सामने नाक रगड़ते थे।

योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को मिर्जापुर जिले के गोपालपुर, विकासखंड पहाड़ी में 765 करोड़ की 127 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास करने के बाद आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कहा, अब अयोध्या धाम भी जगमगा रहा है। भगवान रामलला के भव्य मंदिर का निर्माण हो चुका है, लेकिन ऐसी स्थिति क्यों हुई कि हमें अयोध्या में पांच सौ वर्ष तक इंतजार करना पड़ा। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा, प्रभु रामलला के भव्य मंदिर को तोड़कर आक्रांताओं ने क्यों गुलामी का ढांचा खड़ा कर दिया था। उसका कारण एक ही है, हम बंटे थे, इसलिए कटे थे। उन्होंने सलाह दी कि बंटिए मत, बल्कि एकजुट होकर विकास व सुरक्षा के माहौल में आगे बढ़िए। योगी होंने भरोसा दिया कि डबल इंजन की सरकार हर सुख दुख में आमजन के साथ खड़ी होकर वर्तमान को सुधारेगी



और भविष्य को भी उज्ज्वल बनाने की प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगी। योगी ने खासतौर से पूर्ववर्ती सपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, जाति का नंगा खेल खेलने वाले लोग माफिया व दुर्दांत अपराधियों, दंगाइयों के सामने नाक रगड़ते थे। आज जब प्रदेश विकास की नई धारा के साथ आगे बढ़ रहा है तो यह फिर से अवरोधक बनकर खड़ा होना चाहते हैं। उन्होंने कहा, ऐसे लोग वर्तमान के साथ भावी पीढ़ी के भविष्य के साथ भी खिलवाड़ कर रहे हैं। ऐसे माफियाओं को फिर से सिर उठाने का अवसर न मिल पाए। मिर्जापुर विंध्यधाम के लिए अपनी सरकार की योजनाओं की चर्चा करते हुए योगी ने कहा कि अब मिर्जापुर के पास भी मेडिकल कॉलेज है, यहां मां विंध्यवासिनी के नाम पर विश्वविद्यालय भी बनने जा रहा है, जनपद फोरलेन की कनेक्टिविटी से जुड़ गया है। कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत 1500 से अधिक युवाओं को स्मार्टफोन व टैबलेट वितरित किये गए। मुख्यमंत्री ने मत्स्य आहार संयंत्र की स्थापना के लिए पहली किस्त के रूप में लगभग चार करोड़ का चेक भी प्रदान किया। उन्होंने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित करते हुए विद्या शक्ति पोर्टल का भी बटन दबाकर शुरुआत की। योगी ने पूर्ववर्ती सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा, 2017 के पहले माफिया समानांतर सरकार चलाते थे। खनन, पशु, संगठित अपराध, भूमाफिया हावी थे। जब उनका काफिला निकलता था तो सामान्य जनप्रतिनिधि सहम जाते थे, प्रशासन सैल्यूट करता था। उन्होंने कहा, कोई माफिया पर हाथ डालने की हिम्मत नहीं करता था, लेकिन आज माफिया गिड़गिड़ा रहे हैं कि जान बख्श दो, ठेली लगाकर पेट भर लेंगे, लेकिन किसी को छोड़ेंगे नहीं। मुख्यमंत्री ने दावा किया, अब बेटी-व्यापारी की सुरक्षा से खिलवाड़, किसान की जमीन पर कब्जा, गरीब की झोपड़ी को उजाड़ने का दुस्साहस कोई नहीं कर सकता।

# युवा कवि सिद्धार्थ श्रीवास्तव के साक्षात्कार का दूरदर्शन से हुआ प्रसारण



## नमस्कार एम. पी. कार्यक्रम में लाइव प्रसारित हुआ कार्यक्रम

रीवा ! भोपाल दूरदर्शन के सुप्रसिद्ध कार्यक्रम नमस्कार एम.पी. लाइव शो में रीवा के युवा कवि, साहित्यकार एवं समाजसेवी सिद्धार्थ श्रीवास्तव के साक्षात्कार का प्रसारण किया गया ! साक्षात्कार दूरदर्शन की वरिष्ठ उद्घोषिका पुरवा राय ने लिया, जिसका विषय था- युवा समाजसेवी से मुलाकातआधे घंटे के साक्षात्कार में सिद्धार्थ श्रीवास्तव ने 3 वर्ष की कुल उम्र से प्रारम्भ हुई अपनी 26 वर्षीय साहित्यिक यात्रा की चर्चा की ! साथ ही फोन इन कॉल कार्यक्रम के अंतर्गत आए फोन कॉल्स के माध्यम से पूछे गए सवालों का जवाब भी एक्सपर्ट के रूप में दिया, उनकी समस्याओं का समाधान किया, साहित्य के विषय में जानकारियां भी लोगों को उपलब्ध करवाई एवं अपने साहित्यिक अनुभव साझा किए÷भोपाल दूरदर्शन द्वारा प्रति सोमवार प्रसारित होने वाले इस खास कार्यक्रम की समय अवधि 8ः00 बजे से 8.30 बजे तक रही ! भोपाल दूरदर्शन के हेड प्रोडयूसर जयंत श्रीवास्तव, प्रोग्राम प्रोडयूसर गोपाल सिंह मंडलोई एवं वरिष्ठ एंकर पुरवा राय की इस कार्यक्रम को संपादित करने में महत्वपूर्ण भूमिका रही !सिद्धार्थ श्रीवास्तव की इस उपलब्धि पर समाजसेवा एवं साहित्य जगत के जिन महत्वपूर्ण लोगों ने शुभकामनाएं देते हुए हर्ष व्यक्त किया है उनमें प्रमुख रूप से जन अभियान परिषद के उप निदेशक अमिताभ श्रीवास्तव, संभाग8.30 समन्वयक प्रवीण पाठक, वरिष्ठ लोकगायिका मणिमाला सिंह, सरगम रीति पांडेय, समाजसेवी विक्रांत द्विवेदी, कौशलेश मिश्रा, संकल्प परौहा, प्रकाश द्विवेदी, शशि मिश्रा, सुजीत द्विवेदी, अनुराधा श्रीवास्तव, सुरेश विश्नोई, लईक खान, वरिष्ठ समालोचक डॉ चंद्रिका चंद्र, वरिष्ठ रचनाकार गिरिजा शंकर शुक्ल गिरीश, वरिष्ठ साहित्यकार एवं सिद्धार्थ के गुरु सुभाष श्रीवास्तव, वरिष्ठ पत्रकार जयराम शुक्ला, वरिष्ठ साहित्यकार जगजीवन लाल तिवारी, कवि रामसुन्दर द्विवेदी, रामलखन केवट जलेश, डॉ राजेन्द्र गुप्ता बैकुंठपुरी, अनिल अयान, जानकी प्रसाद पांडेय, साकेत श्रीवास्तव, ललित व्यास पांडेय, अनामिका शुक्ला, श्लेषा शुक्ला, संस्कृति तिवारी, इशिका पांडेय, शिवानी भंडारी, पंकज उपाध्याय, रावेन्द्र द्विवेदी, तरुण श्रीवास्तव, रामसुफल वर्मा, सचिन तिवारी बॉबी, अनिल कुमार निगम, ज्योत्सना श्रीवास्तव, शोभा श्रीवास्तव, अनीता निगम, अरुणा श्रीवास्तव, शालिनी आशीष निगम, हिमांशी श्रीवास्तव, शुभम शर्मा, अनिल सागर, दिप्तेश तिवारी, शिवांशु तिवारी एवं हिमांशु तिवारी आदि शामिल है !

**लाड़ली बहनों को जिंदा गाड़ने की धमकी, बिलाबांग स्कूल संचालक के भाई पर दबंगई का आरोप**

# सरकारी जमीन पर सालों से बसे गरीब परिवार का घर तोड़वाया,सन्नी काकवानी पर लगा आरोप, गरीब परिवार के सिर से छिन गई छत, सड़क पर आ गया गरीब परिवार





**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

रीवा। जिले के नगर निगम में भू माफियाओं का बोल बाला चल रहा है। यहां के भू माफिया कुछ प्रशासनिक अधिकारियों की मदद से गरीबों की जमीनों पर जबरन कब्जा करते जा रहे है। किंतु जिम्मेदार सब देखते जानते हुए भी अंजान बने हुए है।ताजा मामला आपको बता दे की जिले के नगर निगम वॉर्ड नंबर 04 चोरहटा में बीते 25 सालो से गरीब खुशवाहा परिवार शासकीय जमीन में घर बनाकर अपने परिवार का पेट चला कर रह रहा था। जिसपर रीवा के नामचीन व्यापारी के पुत्र की नजर पड़ जाने के पश्चात अपने पैसे के दम पर अपने कुछ गुर्गों को भेजकर गरीब खुशवाहा परिवार का घर गिरवाकर उसके घर का पूरा सामान उठा ले गए। और विरोध करने पर वही पर जिंदा दफनाने की बात कर रहे है। पीड़ित सुसेंद्र कुशवाहा ने बताया कि मैं चोरहटा में राधा स्वामी सत्संग के बगल में बीते 25 सालो से कच्चा मकान बनाकर रह रहा हू। रविवार की सुबह तकरीबन 11 बजे मैं अपने काम के सिलसिले में भोलगढ़ गया हुआ था, तभी सन्नी काकवानी व उनके लगभग 12 गुर्गे मेरे घर में सब्बर लेकर आए और घर के ऊपर की पूरी छानी के खपड़े निकलकर ट्रैक्टर में लाद दिए साथ ही पूरी दीवाल को गिरा दिए। और मेरी बड़ी बेटी की शादी के लिए मेरे द्वारा बनवाए गए सोने चांदी के जेवरात सहित कुछ नगदी जो की लाल डिब्बे में रखे थे वो भी पार कर दिए गए। मेरी पत्नी और मेरी बेटियो द्वारा जब इसका विरोध किया गया तो उन्हे वही पे जिंदा गाड़ने की बात कहकर उन्हें डरा धमका दिया। मेरे साथ मेरी पत्नी सहित मेरी 3 बेटियां और एक पुत्र है। बरसात का मौसम है और मेरे पास रहने के लिए कोई दूसरी व्यवस्था नहीं है। साथ ही हमारी जान को भी खतरा है, की रात में या अन्य जगह वह हमारे साथ कुछ भी कर सकते है। उन्होंने यह भी बताया कि सन्नी काकवानी जिले के बड़े व्यापारी गुरुनानक का लड़का है, जिनकी रीवा जिले में बहुत जमीन है, साथ ही उनकी बिलाबांग स्कूल भी उनके घर से थोड़ा सा ही आगे संचालित है। उन्हें कई दिनों से वहा से अपना घर हटाने को धमकियां मिल रही थी। अब बड़ा सवाल यह है की इन भू माफियाओं के हौसले इतने बुलंद होगये है, की किसी के भी घर को अपने गुर्गों द्वारा ध्वस्त करा देते है, अब वह गरीब व्यक्ति इस बरसात केमौसम में बेघर होगया है। और प्रशासन चुप्पी साधे हुए है।एक ओर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना, लाडली आवास योजना, लाडली लक्ष्मी योजना, नारी सम्मान योजना इत्यादि कई योजनाएं महिलाओं के सम्मान के लिए चला रही है। और ये भू माफिया उन्ही लाडली बहनों को जिंदा गाड़ने की बात कर रहे है।

# उपमुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने विंध्य क्षेत्र के वृहद सड़क निर्माण कार्यों की समीक्षा की

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



रीवा।उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा है कि रीवा क्षेत्र का विकास तीव्र गति से हो रहा है, जिससे अधोसंरचनाओं पर दबाव बढ़ रहा है। नागरिकों की सुविधा के लिए अधोसंरचनाओं में निरंतर और सुनियोजित विस्तार किया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मंत्रालय वल्लभ भवन में विंध्य क्षेत्र में एमपीआरडीसी के वृहद सड़क निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और निर्माण एजेंसियों को निर्देश दिए कि कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता पर समय सीमा में पूर्ण करें।**रीवा बायपास फोर-लेन मार्ग निर्माण कार्य नवम्बर से होगा प्रारंभ** -उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने रीवा बायपास फोर-लेन, सीधी-सिंगरौली फोर-लेन, शहडोल-उमरिया टू-लेन, और रीवा-ब्यौहारी-टेटका मोड़-शहडोल मार्ग की प्रगति की वृहद समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि कार्य संचालन के लिए आवश्यक स्वीकृतियों और अनुमतियों की कार्रवाई शीघ्रता से पूरी की जाए। बताया गया कि रीवा बायपास फोर-लेन मार्ग के लिए आरओडब्ल्यू (राइट ऑफ वे) की प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है और नवम्बर माह में निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने सीधी-सिंगरौली मार्ग में निर्माणाधीन गोपद पुल को प्राथमिकता से पूरा करने के निर्देश दिए। रीवा-ब्यौहारी मार्ग के 18 किमी खंड में वन विभाग की स्वीकृति लंबित है। उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि संबंधित विभागीय अधिकारी वन विभाग की सक्षम स्वीकृति के लिए समस्त औपचारिकताएं प्राथमिकता से पूर्ण करायें। बैठक में एमडी एमपीआरडीसी श्री अविनाश लवानिया सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# सिंधु भवन में भारतीय सिंधु सभा का अनमोल रत्न अवार्ड से सम्पन्न हुआ, सिंधी समाज के होनहार बच्चे नर्सरी से पोस्ट ग्रेजुएट तक विद्यार्थियों का किया गया सम्मान






**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

रीवा।सामाजिक संस्था भारतीय सिंधू सभा रीवा शाखा के अध्यक्ष खेमचंद लालवानी ने जानकारी देते हुए बताया की हर वर्ष की भांति इस वर्ष 22 सितम्बर 2024 दिन रविवार को सायं 6 बजे से सिंधू भवन हाल में सिंधी समाज के 550 प्रतिभावान छात्र - छात्राओं को अनमोल रत्न अवार्ड से भारतीय सिंधू सभा रीवा द्वारा सम्मान किया गया आयोजित सम्मान कार्यक्रम में सभी बच्चों को शील्ड एवं अन्य पुरस्कारों से नवाजा गया उक्त सामान कार्यक्रम आज अंतरराष्ट्रीय बेटी दिवस होने के कारण समाज की बिटियाओं को समर्पित था इसीलिए विशेष तौर पर आज के कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कार्यक्रम की अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय की उप कुल सचिव सुश्री पिंकी मनकानी थी कार्यक्रम की अध्यक्षता पूज्य सिंधी सेंट्रल पंचायत के अध्यक्ष श्री प्रहलाद सिंह जी ने की विशिष्ट अतिथि भारतीय सिंधु सभा के प्रदेश महामंत्री महेश ठारवानी एवं नगर पालिक निगम की सिटी मैनेजर श्रीमती प्रीतिआडवाणी थीमुख्य अतिथि पिंकी मनकानी ने उक्त कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह सिंधी समाज का बहुत ही अच्छा कार्यक्रम है जिसमें बड़ी संख्या में बच्चों का मनोबल बढ़ाने के लिए सम्मान किया जा रहा है एवं उन्हें शील्ड प्रदान की जा रही है कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सरदार प्रसाद सिंह जी ने सभी कक्षाओं के मेरिट में आए बच्चों को अलग से अपनी ओर से पुरस्कार दिया विशिष्ट अतिथि महेश ठारवानी ने भारतीय सिंधु सभा रीवा शाखा के आयोजकों को बधाई देते हुए कहा कि यह लगातार 24 वर्ष से आयोजित कार्यक्रम अपने आप में पूरे प्रदेश में अनूठा कार्य है जिसमें बहुत बड़ी संख्या में बच्चों को प्रस्तुत किया जाता है एवं पढ़ाई के प्रति उनकी रुचि बढ़ाने के लिए उनका सम्मान किया जाता है विशिष्ट अतिथि नगर पालिका निगम की सिटी मैनेजर श्रीमती प्रीति आडवाणी ने भी आयोजको को एवं पुरस्कृत किए गए बच्चों को हार्दिक बधाइयां दी एवं महिलाओं से आह्वान किया की बेटियों को पढ़ाई में आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया करें संस्था की मुख्य शाखा रीवा के महासचिव विनोद पुरुस्वानी ने बताया कि हर क्लास के लगभग 550 बच्चों के रजिस्ट्रेशन कराया गया था गए है, जिनका सम्मान 22 सितम्बर को किया गया कार्यक्रम के उपरांत सुरुचि भोज की व्यवस्था समाज के लिए की गई थी, बैठक में शामिल रहे भारतीय सिंधु सभा के अध्यक्ष खेमचंद लालवानी ने आये अतिथियों का स्वागत किया एवं अपने स्वागत भाषण कहां की भारतीय सिंधु सभा द्वारा आयोजित यह मेधावी विद्यार्थी सम्मान कार्यक्रम मध्य प्रदेश का सबसे बड़ा सम्मान कार्यक्रम है जिसमें हर बच्चे को अपने नाम से शील्ड प्रदान की जाती है उन्होंने अपने सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को सहयोग के लिए धन्यवाद किया आभार प्रदर्शन भारतीय सिंधु सभा युवा शाखा के अध्यक्ष शेखर सचदेवा ने किया कार्यक्रम में भारतीय सिंधु सभा प्रदेश कार्यकारिणी बनाए गए कमलेश सचदेव एवं लक्ष्मण शिवनानी एवं प्रदेश युवा शाखा के प्रदेश मंत्री नरेश काली का भी सम्मान किया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से संतुलाल आहूजा हुकूमतराय होतवानी सुदामालाल सचदेव लदाराम थारवानी चंदीराम केसवानी गोपाल नागपाल सुरेश निरंकारी महेश आहूजा महेश आसनानी प्रकाश शिवनानी कन्हैयालाल मंगलानी, दिलीप आसनानी, अशोक मंजानी (पप्पू भैया) महासचिव विनोद पुरुस्वानी कोषाध्यक्ष मदन चुगवानी पप्पन पंजवानी विजय रिझवानी श्याम वाधवानी मनोहर कटारिया आदि उपस्थित थे।









# RP से रिश्ते पर उर्वशी रौतेला ने तोड़ी चुप्पी, बताया किसके साथ रिलेशनशिप में हैं

एक समय पर भारतीय क्रिकेटर ऋषभ पंत के साथ बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला का नाम जुड़ रहा था. कहा जा रहा था कि दोनों एक दूसरे को डेट कर रहे हैं. हालांकि, दोनों में से किसी ने कभी ये कंफर्म नहीं किया था कि दोनों रिलेशनशिप में हैं. उर्वशी ने कई बार किसी ऋकनाम के शख्स का जिक्र किया था, जिसके बाद सोशल मीडिया पर ऐसा कहा जा रहा था कि वो आरपी कोई और नहीं बल्कि ऋषभ पंत ही हैं. अब उन्होंने एक बार फिर से आरपी के बारे में बात की है.हिंदी रश को दिए एक इंटरव्यू में उर्वशी से पूछा गया कि ये आरपी कौन हैं? इस पर मुस्कुराते हुए उन्होंने कहा,आपको क्या लगता है कौन है. आगे उन्होंने कहा, मैं नहीं जानती कि आरपी कौन है. फिलहाल मेरा रिलेशनशिप सिर्फ मेरे काम से है और मैं सिर्फ काम पर ही फोकस कर रही हूं. जो मैं कर रही हूं मुझे अच्छे से खुद को उस पर डेडिकेट करना है और अपना 100 प्रतिशत देना है. बाकी इसके अलावा जो कुछ भी अनाउंसमेंट है वो आपको जल्द मिल जाएगी.

**रिलेशनशिप स्टेटस पर क्या बोलीं उर्वशी ?**

जब उन्होंने अपने रिलेशनशिप स्टेटस पर कुछ भी खुलकर नहीं बताया तो उनसे ये पूछा गया कि क्या ये समझ लिया जाए कि उर्वशी सिंगल हैं. इस पर उन्होंने कहा, आपका जो भी मानना है, आप मान सकते हैं, लेकिन अभी मैं अपने काम को डेट कर रही हूं.

**एल्विश यादव के साथ रिश्ते पर क्या बोलीं ?**

पिछले साल उर्वशी ने यूट्यूबर और 'बिग बॉस ओटीटी 2' के विनर एल्विश यादव के साथ एक गाने के लिए कोलैबोरेट किया था. 'हम तो दीवाने' के नाम से उनका एक गाना गाया था. इंटरव्यू में उर्वशी ने एल्विश यादव के बारे में भी बात की. उनसे पूछा गया कि एल्विश काफी कंट्रोवर्सी में रह चुके हैं फिर भी आपने उनके साथ एक गाना किया, क्या वो आपके दोस्त हैं? उनके साथ आपके कैसे रिश्ते हैं? इस पर उन्होंने कहा, ये एक प्रोफेशनल रिश्ता था. और अच्छा था. वो एक्सपीरियंस भी अच्छा था. लोगों ने पसंद किया. वो एक रोमांटिक गाना था. एल्विश को लेकर उन्होंने कहा,वो काफी शर्मीले थे. और अच्छा रहा, उनसे बातचीत अच्छी रही. उन्होंने अपना बेस्ट दिया, जो कि सबसे ज्यादा जरूरी है.

**आरपी ने किया था 10-12 घंटे इंतजार**

बहरहाल, उर्वशी रौतेला हर बार स्टेडियम में मैच देखने जाया करती थीं, जिसे ऋषभ पंत के साथ ही जोड़कर देखा जा रहा था. वहीं आए दिन सोशल मीडिया पर कुछ न कुछ ऐसा पोस्ट करती थीं, जिसे लोगों ने कयास लगाने शुरू कर दिए थे कि सच में दोनों के बीच कुछ चल रहा है. साल 2022 में उन्होंने बॉलीवुड हंगामा को दिए एक इंटरव्यू में कहा था, मिस्टर आरपी उनसे मुलाकात करना चाहते थे. उन्होंने कहा था कि शूटिंग के लिए वो दिल्ली में थीं. पैकअप के बाद वो रूम में आकर सो गईं. मिस्टर आरपी बाहर लॉबी में उनका 10 से 12 घंटे तक इंतजार कर रहे थे और 16 कॉल बार फोन भी किया था.

## सलमान खान के शो के सामने हैं रितेश देशमुख का चैलेंज, क्या तोड़ पाएंगे टीआरपी का रिकॉर्ड



सलमान खान बिग बॉस 18 के साथ छोटे पर्दे पर अपनी वापसी कर रहे हैं. 5 अक्टूबर 2024 को उनका ये रियलिटी शो कलर्स टीवी पर प्रीमियर होगा. कई मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि इस साल सलमान खान के सामने कंगना रनौत के 'लॉक अप' और करण जौहर के 'द ट्रेटर' का चैलेंज होगा. लेकिन सच तो ये है कि इस साल सलमान खान के सामने कंगना या करण के शो का नहीं बल्कि रितेश देशमुख के 'बिग बॉस मराठी' का सबसे बड़ा चैलेंज होगा. जी हां, दबंग खान की खुद की फ्रेंचाइजी का रीजनल शो इस साल टीआरपी पर धूम मचा रहा है और इस शो में निक्की तंबोली और अरबाज पटेल जैसे हिंदी इंडस्ट्री के चेहरे शामिल होने की वजह से सिर्फ मराठी ही नहीं बल्कि हिंदी ऑडियंस भी इस शो को फॉलो कर रही हैं.दरअसल बिग बॉस मराठी का 5वां सीजन रितेश देशमुख होस्ट कर रहे हैं. बतौर होस्ट ये उनका पहला रियलिटी शो है. रितेश देशमुख जैसे बॉलीवुड के स्टार के इस शो से जुड़ने की वजह से अब तक अक्षय कुमार से लेकर कंगना रनौत तक, हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के कई बड़े चेहरे इस शो में बतौर मेहमान शामिल हुए हैं. टीआरपी चार्ट में कलर्स टीवी का ये शो भी खूब धूम मचा रहा है. इतना ही नहीं फिलहाल मराठी में ही नहीं बल्कि हिंदी में भी ये शो नंबर वन साबित हो रहा है. इस शो की टीआरपी रुपाली गांगुली के 'अनुपमा' से भी कई गुना ज्यादा है.

**सलमान के सामने होगा चैलेंज**

भले ही बिग बॉस हिंदी के कुछ सीजन ने टीआरपी के कई रिकार्ड्स तोड़ दिए थे, लेकिन पिछले कुछ सालों से न तो बिग बॉस हिंदी टीआरपी की रिपोर्ट कार्ड पर डिस्टिंक्शन के साथ पास हो पाया, न ही बिग बॉस मराठी. लेकिन रितेश देशमुख के आने से अब बिग बॉस मराठी का TVR 4.4 हो गया है, ऐसे में मेकर्स की सलमान खान के शो से उम्मीदें बढ़ना लाजिमी है. अगर महाराष्ट्र जैसे एक राज्य में चलने वाला रियलिटी शो नेशनल चैनल पर चल रहे शो को टक्कर दे सकता है तो एक नेशनल शो से अच्छी रेटिंग की उम्मीद करना वाजिब बात है.

**ब्रांड सलमान खान**

बिग बॉस का सबसे पहला सीजन अरशद वारसी ने होस्ट किया था. अरशद के बाद अमिताभ बच्चन और शिल्पा शेट्टी भी इस रियलिटी शो को होस्ट कर चुके हैं. सलमान ने बिग बॉस के सीजन 4 से इस शो की होस्टिंग शुरू की थी. ये बिग बॉस के साथ उनका 15वां सीजन है.

## दिलजीत दोसांझ कर रहे थे परफॉर्म, फैन ने स्टेज पर फेंका फोन, सिंगर का रिएक्शन हुआ वायरल



पंजाबी सिंगरों का क्रेज दिनों दिन बढ़ता ही जा रहा है. यही वजह है कि कॉन्सर्ट हो या फैस्ट, मिनटों में इनकी टिकटें सोल्ड आउट हो जाती हैं, लेकिन कई बार कुछ ऐसी घटनाएं भी सामने आती हैं, जिससे पूरे कॉन्सर्ट का माहौल खराब हो जाता है तो वहीं कुछ कॉन्सर्ट काफी यादगार बन जाते हैं. अब ऐसा ही हुआ पंजाबी सिंगर और एक्टर दिलजीत दोसांझ के शो में. हाल ही में दिलजीत दोसांझ के लाइव कॉन्सर्ट के दौरान एक फैन ने स्टेज पर फोन फेंक दिया.दरअसल, दिलजीत दोसांझ के पेरिस लाइव कॉन्सर्ट का एक वीडियो सामने आया है. लाइव परफॉर्मेंस के दौरान सिंगर 'पटियाला पैग' सॉन्ग गा रहे थे. तभी एक फैन ने अपना फोन स्टेज पर फेंक दिया, जिसके बाद दिलजीत के रिएक्शन ने लोगों का दिल जीत लिया है.

वीडियो में दिलजीत दोसांझ फैन के फोन फेंकने पर गुस्सा न करने की बजाय, प्यार से समझाते हुए नजर आ रहे हैं. दिलजीत ने शांति से फोन उठाकर फैन को वापस देते हुए कहा, अपना फोन सेफ रखे पाजी. दिलजीत के शांत और काइंड रिएक्शन को देखकर फैन्स उनकी खूब तारीफ कर रहे हैं.

**फैन को दी अपनी जैकेट**

दिलजीत ने शांति से कहा कि ऐसे फोन खराब हो सकता है. हालांकि, इसके बाद दिलजीत दोसांझ ने जो किया, वो जानकर आपके चेहरे पर स्माइल आ जाएगी. फोन वापस देने के बाद दिलजीत ने फैन को खुश करने के लिए स्टेज पर आगे बढ़कर उस फैन को अपनी जैकेट बतौर गिफ्ट उसे दे दी.दिलजीत का ये वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है, जिसपर लोग उनकी खूब तारीफ कर रहे हैं. फैन्स वीडियो पर लिख रहे हैं कि कैसे वो गुस्सा न करते हुए नरमी से पेश आए, ये दिल छू लेने वाला था.

**करण औजला पर फेंका गया था जूता**

इससे पहले, पॉपुलर सिंगर करण औजला पर भी लाइव कॉन्सर्ट के दौरान जूता फेंका गया था. इससे जुड़ा वीडियो सोशल मीडिया पर भी खूब वायरल हुआ था. इसके बाद कॉन्सर्ट रोक दिया गया और घटना के बाद करण औजला ने जूता फेंकने वाले को स्टेज पर आकर सामने से बात करने कि लिए कहा था.

**दिलजीत दोसांझ का 'दिल-लुमिनाटी टूर'**

दिलजीत दोसांझ इन दिनों अपने 'दिल-लुमिनाटी वर्ल्ड टूर' पर हैं. दिलजीत अब जल्द ही इस टूर में इंडिया के भी कई शहरों पर परफॉर्म करने जा रहे हैं.

# सैफ अली खान के दादा ने बनवाया था पटौदी पैलेस, निर्माण के वक्त कम पड़ गए थे पैसे, अब कीमत है 800 करोड़



सैफ अली खान का पटौदी पैलेस अक्सर सुर्खियों में रहता है. सैफ की छोटी बहन एक्ट्रेस सोहा अली खान ने हाल ही में शाही पैलेस को लेकर कई अनसुनी बातें बताई हैं. सोहा ने इस पैलेस के खर्चे से लेकर इसकी मेंटेनेंस को लेकर कई बातें बताई. यहां तक कि एक्ट्रेस ने बताया कि इस शाही पैलेस को बनवाने के दौरान उनके दादा के पास पैसे खत्म हो गए थे.हरियाणा के पटौदी गांव में बना ये पैलेस नवाब इफ्तेखार अली ने बनवाया था जो सैफ अली खान के दादा थे.

एक्ट्रेस सोहा अली खान ने अपने पटौदी पैलेस के बारे में एक मजेदार किस्सा शेयर किया. उन्होंने खुलासा किया कि उनके दादा ने अपने ससुर को इम्प्रेस करने के लिए इसे बनवाया था.सोहा अली खान ने हाल ही में सायरस ब्रोचा को दिए इंटरव्यू के दौरान खुलासा करते हुए कहा, मेरी दादी साजिदा सुल्तान भोपाल की बेगम थीं और दादा पटौदी के नवाब थे. वो दोनों काफी समय से एक-दूजे से प्यार करते थे, लेकिन मेरी दादी के पिता शादी के लिए राजी नहीं थे क्योंकि दादा कॉम्पटेटिव स्पोर्स्ट्समैन थे और दादी के पापा उनसे जलते थे. इसके बाद दादा ने दादी के पापा को इम्प्रेस करने के लिए पटौदी पैलेस बनवाया था.



**जब मार्बल के लिए पैसे कम पड़ गए थे**

सोहा ने आगे कहा, दादा ने इसे 1935 में बनवाया था ताकि वे शादी कर सकें. वह अपने ससुर को इम्प्रेस करना चाहते थे, लेकिन इतना शाही पैलेस बनवाते बनवाते मार्बल के लिए पैसे कम पड़ गए. इसलिए पैलेस में कई जगह मार्बल की जगह कार्पेट बिछा है. जब आप वहां जाकर देखेंगे, तो आपको वहां बहुत सारे कालीन दिखेंगे और उनमें से कुछ के नीचे संगमरमर का फर्श है, लेकिन किसी किसी जगह पर नॉर्मल सीमेंट है, जिसे कार्पेट से कवर किया गया है.

**ऐसे सैफ अली खान बने प्रिंस**

एक्ट्रेस ने बताया, सैफ का जन्म 1970 में हुआ था, इसलिए वो प्रिंस बन गए. जब उनका जन्म हुआ था तब रॉयल टाइटल खत्म हो गए थे, जिसकी वजह से सैफ तो प्रिंस बन गए और पर मैं प्रिसेंस नहीं बन पाई. ऐसे में देखा जाए तो मैं इतनी शाही नहीं हूं (हंसते हुए) हालांकि, इस टाइटल के साथ काफी बड़ी जिम्मेदारी होती है और बिल भी.

# सरस्वती शिशु मंदिर के सन् 81- 82 बैच के छात्र छात्राओं का मिलन समारोह हुआ आयोजित



सीहोर । स्थानीय डॉक्टर भारत आर्य जी के मंडी स्थित फ़ार्महाउस पर सरस्वती शिशु मंदिर के सन् 81- 82 बैच के छात्र छात्राओं का मिलन समारोह का आयोजन किया गया इस अवसर पर सर्वप्रथम तत्कालीन शिक्षक सुगंधी आचार्य जी का शाल श्रीफल एवं फूल माला से सभी छात्र छात्राओं द्वारा सम्मान किया गया एवं चरण स्पर्श कर उनका आशीर्वाद प्राप्त कियाइस अवसर पर सभी ने विभिन्न प्रकार के खेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में हिस्सा लेकर बचपन की यादें ताज़ा की दिन में भोजन के पश्चात् गीत संगीत का रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें सभी लोगों द्वारा सुमधुर गीतों की प्रस्तुति दी गई इस कार्यक्रम में सीहोर भोपाल के अलावा सीमा मंडलोइ (मुम्बई), डॉक्टर चन्द्रशेखर शर्मा, सुधा राठौर (इंदौर), मोनिका शुक्ला , शशिकांत शुक्ला (भोपाल) , विममी खत्री (जबलपुर), शोभा मंत्री (बीना) प्रीति ब्याणी (ग्वालियर) सपरिवार उपस्थित रहे । कार्यक्रम में शाम को सीहोर की आयोजन समिति के द्वारा सभी पधारे अतिथियों का धन्यवाद प्रकट किया एवं इस कार्यक्रम को आने वाले वर्षों में और वृहद स्तर पर करने का संकल्प लिया गया । इसके पश्चात सभी उपस्थित छात्रगण सपरिवार सरस्वती शिशु मंदिर की खजांची लाइन स्थित भवन एवं जिला न्यायालय के पीछे स्थित स्कूल भवन में जाकर पुरानी यादें ताज़ा की वहाँ पर 81- 82 बैच की सहपाठी अर्चना जी वर्तमान शिक्षिका द्वारा तिलक लगाकर गमछा एवं फूल मालाओं से सभी का स्वागत किया गया । आयोजित कार्यक्रम में भोपाल से 5 सहपाठियों के परिवार एवं सीहोर से 9 सहपाठियों के परिवार उपस्थित रहे।

# ग्वालियर भिंड हाईवे सिक्स लेन की मांग एवं गौ रक्षार्थ 30 सितंबर को निकाली जाने वाली रैली के सम्बंध में कलेक्टर से मिले संत समिती के जिलाध्यक्ष संत कालिदास महाराज

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । ग्वालियर भिंड हाईवे सिक्स लेन की मांग को लेकर काफी समय से भूतपूर्व सैनिक और समाज सेवी अभियान चला रहे हैं,पर सरकार सुनने को तैयार नहीं है,इसी को लेकर संत समाज आगे आया है । जिला अखिल भारतीय संत समिती के जिला अध्यक्ष पूज्य संत कालीदास महाराज कलेक्टर से मिले और गाय माता हाईवे पर रोज हादसों का शिकार हो रही है,नौजवान हजारों की तादाद में पिछले सालों में हादसों के शिकार हुए हैं इस हाईवे का सिक्स लेन होना बहुत जरुरी है । इस धरने में संत समाज के पूज्य संत रामदास जी महाराज दंदरौआ सरकार,संत रामभुषण दास जी महाराज,संत अवधूत श्री



हरिनिवास महाराज चिलोंगा,पूज्य संत कमल दास जी महाराज,संत प्रेमानंद महाराज,संत राघवपुरी महाराज पूज्य संत प्रद्युम्न महाराज,संत अनिल पाठक महाराज,संत भूमिया सरकार पीठाधीश्वर हरिओम दास महाराज सहित हजारों संत मौजूद रहेंगे। संत जन के साथ भिंड जिले के समाजसेवी सुनील शर्मा फौजी, अरविंद शर्मा,रोकी तोमर,जितेंद्र सिंह भदौरिया फौजी,जीतू भदौरिया जामपुरा, कमलेश त्रिपाठी फूफ,शुभम पचौरी,राजेश यादव गड़ूपुरा,वीरेंद्र वर्मा,प्रशांत श्रीवास्तव,सोनू भदोरिया,रिशेंद्र राजावत,बिनोद शर्मा,कुलदीप भदौरिया,श्याम सुंदर शर्मा,रेनू ठाकुर,भोला पंडित सहित कई समाज सेवी शामिल रहे

# अज्ञात कारणों के चलते माँ रणकौशला मंदिर पर मिठाई की दुकानों में लगी आग,सब कुछ हो गया खाक



**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

दबोह- दबोह क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम अमाहा में मां रणकौशला देवी माता मंदिर पर



बनी मिष्ठान की दुकानों में दरमियानी रात अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई।जिसके चलते दुकानों में रखा लाखों रुपए का कीमती सामान जलकर खाक हो गया।दुकानदारों द्वारा बताया गया कि रात्रि में किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा पेट्रोल डालकर हमारी दुकानों को जलाया गया है।पीड़ितो ने डायल 100 के माध्यम से पुलिस को सूचना दी,साथ ही फेयरब्रेड मौके पर नहीं पहुंची जब तक आग पर काबू किया जाता तब तक लाखो रुपए का कीमती सामान जलकर खाक हो गया।दुकानदारों की माने तो बताया गया कि दरमियानी रात करीब 11ः00 बजे अज्ञात व्यक्ति द्वारा पेट्रोल डालकर दुकानों में आग लगाई गई है ऐसा दुकानदारों ने बताया कि हम लोग रोज की तरह 8ः00 बजे अपनी दुकाने बंद करके अपने घर चले गए थे रात्रि करीब 11ः00 बजे तेज धुआं दिखाई दिया जब हम लोग दुकानों के पास पहुंचे तो हमारे सामने ही दुकानें जलकर खाक हो गई थी।फिलहाल पुलिस ने आगजनी का मामला दर्ज कर अज्ञात व्यक्ति की तलाशी शुरू कर दी है।जिन व्यक्तियों की दुकाने जली है उनमें चंद्रशेखर चौरसिया पुत्र जगदीश प्रसाद चौरसिया निवासी अमाहा इनकी दुकान में रखा लगभग रु 30,0000 का कीमती सामान जलकर खाक हो गया।वही संतोष कुशवाह पुत्र हरभजन कुशवाह की दुकान में लगभग 70,000 रुपए का नुकसान होने की संभावना बताई जा रही है।वहीं दीपू कुशवाहा पुत्र सुरेश कुशवाहा की दुकान में लगभग 80,000 रुपए का नुकसान बताया जा रहा है।फिलहाल तीनो पीड़ितों ने प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है।

**इनका कहना-**

फरियादियों की शिकायत पर तत्काल एफआईआर कर ली गई है साथ ही पुलिस जांच में जुट गई है।

**राजेश शर्मा**
**थाना प्रभारी दबोह**

# रक्तदान महा शिविर में 270 यूनिट रक्त किया संग्रहित

## युवाओं ने दिखाया जोश, शिविर में बढ़चढ़कर लिया भाग

**दैनिक पुष्पाजंली टुडे**

पुणेः सीरवी समाज सजंय पार्क आईमाता मंदिर में रविवार को आयोजक सीरवी जय भवानी सेवा संस्था संजय पार्क के तत्वाधान में व सीरवी क्षत्रिय युवा मंच संजय पार्क के सहयोग से महा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ मारवाड जंक्शन विधान सभा क्षेत्र के विधायक केसाराम चौधरी, सूर्या इलेक्ट्रॉनिक्स के डायरेक्टर रमेश लचेटा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। शिविर में ससून हॉस्पिटल की टीमों द्वारा 270 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। इस दौरान अतिथियों ने रक्तदाताओं को प्रेरित करते हुए रक्तदान का महत्व बताया। रक्तदाताओं को फल नास्ता एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सुर्या इलेक्ट्रॉनिक के डायरेक्टर रमेश लचेटा ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डाला और लोगों को इसके प्रति जागरूक किया। लचेटा ने कहा कि रक्तदान एक महान पुण्य कार्य है जिससे हम किसी की जान बचा सकते है। हमें रक्तदान के प्रति जागरूक होना चाहिए और अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करना चाहिए। विधायक कैसाराम




चौधरी ने कहा कि रक्तदान शिविर के आयोजन से लोगों में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढेगी और इससे समाज में एक अच्छा संदेश जाएगा। शिविर में आयोजकों ने रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया। संयोजक सीरवी क्षत्रिय युवा मंच संजय पार्क के सदस्यों ने शिविर व्यवस्था में सहयोग दिया। इस अवसर पर मथुरा हास्पिटल के डायरेक्टर डॉ सुभाष कोकणे, हिमगिरी विद्यालय के ढगे सर, बांडे सर, काले सर, शेरकर सर, पिंगले बाई एवं सीरवी समाज संजय पार्क वडेर के अध्यक्ष गुनाराम वरपा, सचिव मिश्रीलाल काग, उमेश गेहलोत, दुर्गाराम सोलंकी, युवा अध्यक्ष दिनेश चौधरी, सचिव नरेश वरपा, उपाध्यक्ष प्रकाश पवांर, सेसाराम चोयल, सह-सचिव सुरेश चोयल, कोषाध्यक्ष महेंद्र चोयल, सह-कोषाध्यक्ष चुनीलाल आगलेचा, सुझाव अधिकारी प्रेम प्रकाश सोलंकी, प्रकाश देवड़ा, हरिराम चोयल, रमेश काग, रमेश चौधरी, प्रविण, मानक, रजनीश, दिलीप,विनोद बर्फा एवं हिमगिरी विद्यालय से प्रदीप नीचल, शशी मूढे, रेश्मा गिरमे, नोयम शेख, संजय पाचाडकार, प्रसाद खोपकर, राजू जाधव, मंगेश, हितेश,पराग एवं युवा मंच संजय पार्क की पुरी टीम व अन्स ग्रुप के सभी सदस्य एवं हिमगिरी प्रतिष्ठान के सभी सदस्य उपस्थित रहे। शिविर में ससून अस्पताल कर्मियों व नर्सिंग स्टाप ने सेवाए दी। रक्तदान शिविर यशस्वी बनाने में सहयोग देने वाले सभी समाज के बंधुओ एवं माताओं बहनों एवं युवाओं का युवा मंच की ओर से बहुत बहुत धन्यवाद देकर आभार व्यक्त किया।

# स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत नपा द्वारा श्रमदान कर चालया सफाई अभियान

**खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री एमआर निंगवाल के निर्देशानुसार एवं स्वास्थ्य अधिकारी श्री अमित डामोर के मार्गदर्शन में स्वच्छता ही सेवा, स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता अभियान के अंतर्गत पोस्ट ऑफिस चौराहे से गांधी उद्यान तक वाहन पार्किंग में एवं नगर पालिका कार्यालय में सफाई कर श्रमदान किया गया। साथ ही स्वच्छता बनाएं रखने की शपथ भी दिलाई गई। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती छाया जोशी, उपाध्यक्ष श्री भोलू वर्मा, स्वच्छता सभापति श्रीमती कविता पाटीदार, लोक निर्माण सभापति श्री धीरेंद्र सिंह चौहान, पार्षद श्री भागीरथ बडोले, श्री जगन्नाथ सावले, श्री राजेश रावत, श्री अरविन्द पाटीदार, ब्रांड एंबेसडर श्रीमती डॉ. पुष्पा पटेल, स्वच्छता चैंपियन श्री काका सिंह छाबड़ा एवं स्वच्छता निरीक्षक श्री सुभाष रघुवंशी, रहीम खान, समस्त दरोगा, कर्मचारी व आईईसी टीम सदस्य उपस्थित रहे।

# नगर पालिका द्वारा सुगम यातायात के लिए की जा रही अस्थाई अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही दुकानों के बाहर रखी तय सामग्री निकाय द्वारा जप्त कर वापस नही की जाएगी-सीएमओ

**खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

शहर में अस्थाई अतिक्रमणों से बिगड़ती आवागमन की व्यवस्था व आए दिन हो रही दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए साथक प्रयास कर यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए नगर पालिका द्वारा कड़े कदम उठाये जा रहे है। शहर के यातायात व्यवस्था गडबडाने एवं बार बार जाम लगने की शिकायतों के साथ शहर में दुर्घटनाओं का ग्राफ भी बड़ रहा है। इन समस्याओं की आए दिन निकाय को सीएम हेल्पलाईन एवं अन्य माध्यम से शिकायतें प्राप्त होने से शहर की यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए सडको पर दुकानों के बाहर सामान रखने वाले दुकानदारों को चेतावनी दी गई। बाहर सडक पर रखे सामान को नगर पालिका द्वारा जब्त करने कार्यवाही की जा रही है। किसी भी प्रकार का समान दुकान की परिधि के बाहर न रखा जाए। साथ ही फलों आदि के ठेलों को चलित रूप से व्यवसाय करने के लिए निर्देशित किया जा रहा है। नपा सीएमओ श्री एमआर निगवाल द्वारा बताया गया कि दुकानों के बाहर सामग्री रख अनाधिकृत अतिक्रमण किया जाता है। जिससे मार्ग संकडा होकर आवागमन प्रभावित होता है तथा बार-बार इनकी शिकायतें भी प्राप्त होती रहती है। निकाय द्वारा ऐलान व उडनदस्ता के माध्यम से भी व्यापारियों को चेतावनी देकर रिमुव्हल कार्यवाही की जा रही है। निकाय द्वारा रिमुव्हल कार्यवाही के पश्चात किसी प्रकार से पुनरावृत्ति कर पुनः अतिक्रमण ना हो इसके लिए उडनदस्ता वाहन के माध्यम से चेतावनी व निगरानी रखने के लिए नपा कमर्चरियों को नियुक्त किया गया है। किंतु पुनरावृत्ति कर दुकानों की सामग्री बाहर रखने से दुकानों के बाहर सामग्री रखी जाना पाये जाने पर बिना किसी सूचना के सामग्री को निकाय द्वारा जब्त कर सामग्री वापस।

# आयुष्मान दिवस पर जिला चिकित्सालय में कार्यक्रम का हुआ आयोजन

## विधायक श्री पाटीदार ने किया आयुष्मान तयकार्ड का वितरण

**खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 23 सितंबर 2018 को आयुष्मान भारत निरामयम योजना प्रारंभ की गई है। इस योजना में आयुष्मान कार्ड धारक को 01 वर्ष में 05 लाख रुपये तक के निःशुल्क उपचार की सुविधा प्रदान की गई है। इस योजना के 06 वर्ष पूरे होने पर 20 से 30 सितंबर तक आयुष्मान आपके द्वार थीम पर आयुष्मान पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। इसी कड़ी में 23 सितंबर को जिला चिकित्सालय खरगोन में आयुष्मान दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। विधायक श्री बालकृष्ण पाटीदार के मुख्य आतिथ्य में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एमएस सिसोदिया, सिविल सर्जन डॉ. एएस चौहान, अन्य जनप्रतिनिधि एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। विधायक श्री पाटीदार ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आयुष्मान भारत योजना आम आदमी के स्वास्थ्य से जुड़ी है। इस योजना में आयुष्मान कार्ड धारक व्यक्ति को एक वर्ष में 05 लाख रुपये तक के निःशुल्क उपचार की सुविधा है। इस योजना में पात्र सभी लोग अपने आयुष्मान कार्ड बनाएं और इस योजना का लाभ लें। इस अवसर पर उन्होंने हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड का वितरण भी किया।

# हाइटेंशन लाइन से करंट की घटना के घायलों को देखने ऊर्जा मंत्री ट्रामा सेंटर पहुंचे

**महेंद्र शर्मा उप संपादक पुष्पांजलि टुडे**

ग्वालियर। उप नगर ग्वालियर शनिवार को बिजली की हाइटेंशन से करंट लगने के कारण किला गेट के समीप कोटेश्वर कॉलोनी में एक ही परिवार के तीन सदस्य घायल हो गए। इस घटना की जानकारी मिलने पर ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर तुरन्त जयारोग्य चिकित्सालय स्थित ट्रामा सेन्टर



पहुंचे तथा सभी घायलों के स्वास्थ्य की जानकारी ली। इस घटना में कोटेश्वर कॉलोनी निवासी श्रीमती पुष्पा राठौर उनका बेटा श्री राजेन्द्र राठौर और बहू श्रीमती गायत्री राठौर बुरी तरह झुलस गए।ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने घायल हुए एक ही परिवार के तीनों सदस्यों को बेहतर चिकित्सीय सुविधाएं मुहैय्या कराने के निर्देश दिए। उन्होंने तीनों घायलों को इलाज के लिए 40-40 हजार रुपए की आर्थिक सहायता भी प्रदान की। उन्होंने कहा कि घटना दुःखद है।

# शारीरिक ही नहीं मानसिक रोग दूर करने का प्रयास करे आरोग्य भारती:सिंधिया

**महेंद्र शर्मा उप संपादक पुष्पांजलि टुडे**




ग्वालियर। आज समय बदल चुका है। जीवन में आपाधापी और काम का दबाव ज्यादा होने से लोग तनाव में जी रहे हैं। शारीरिक रोग के साथ-साथ मानसिक रोग तेजी से बढ़ते जा रहे हैं। इसलिए इसकी रोकथाम के लिए आरोग्य भारती को प्रयास करना चाहिए। यह बात केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने रविवार को राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्व विद्यालय ग्वालियर के दत्तोपंत ठेंगड़ी सभागार में आयोजित दो दिवसीय आरोग्य भारती के अखिल भारतीय प्रतिनिधि मंडल सम्मेलन के समापन समारोह में मुख्य अतिथि की आसंदी से कही। इस अवसर पर आरोग्य भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.राकेश पंडित, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ.मुधुसूदन देशपांडे, मिहिर कुमार, स्वामी नारायण, प्रवीण प्रभाकर मंचासीन रहे। श्री सिंधिया ने कहा कि तनाव से पाचनतंत्र खराब होने के साथ ही आर्थराइटिस और मनोविकार बढ़ते जा रहे हैं। इस समस्या के निजात के लिए आरोग्य भारती सेवाभावी युवाओं को अपने साथ जोडने के लिए और ध्यान दे। साथ ही अनुसंधान और नवाचार भी ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हम पहले विश्व गुरू थे और 2047 तक जब भारत अपनी शताब्दीकाल आजादी को हर्षोल्लास से मनाएगा तब भारत दोबारा विश्व गुरू के रूप में स्थापित हो यह सभी का संकल्प होना चाहिए। इसको हासिल करने के लिए आरोग्य भारती जैसी संस्थाओं को एक महत्वपूर्ण योगदान देना चाहिए। श्री सिंधिया ने कहा कि भारत केवल देश ही नहीं दर्शन शास्त्र है। जीवन कैसे जिया जाए, विचार कैसे होने चाहिए यह हजारों साल पहले हमारे शास्त्रों में बताया गया है। उपनिषद का श्लोक सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामया। सर्वे भद्राणि पश्यन्तु, मां कश्चिद दुःख भाग्भवेत। अर्थात सभी सुखी रहें, सभी रोग मुक्त रहें। सभी देखें कि क्या शुभ है यानी मंगलमय के साक्षी बनें, किसी को भी दुख का भागी न बनना पड़े। इसका एक उदाहरण है। भारत आज भी इसी सोच और विचार पर कायम है। हमारी सोच समाज और राष्ट्र तक सीमित नहीं है बल्कि वसुधैव कुटुम्बकम की है। इसी वजह से कोरोनाकाल में हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में न केवल दो वैक्सीन बनाई गई बल्कि देशवाशियों को सफलतापूर्वक लगाकर इसे विदेश में भी भेजी गई। यही नहीं आज हमारे योग को भी विदेश में अपनाया गया है।

**हमें एकजुट होकर पाखंड,अंधविश्वास और कुरीतियों से लड़ना होगाः बहादुर सिंह लोधी**

# दिवंगत शिक्षक सुरेन्द्र सिंह रावत की स्मृति में एससी एसटी ओबीसी मोर्चा द्वारा संविधान ज्ञान प्रतियोगिता के पुरुस्कार वितरण समारोह आयोजित

**पुष्पांजली टुडे**

भितरवार। संयुक्त मोर्चा ओबीसी एससी एसटी वर्ग के तत्वावधान में संविधान ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमें स्कूली बच्चों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया था प्रतियोगिता में 500 प्रतिभागियों ने भाग लिया था। जिसमें टॉप टेन विद्यार्थियों को विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार वितरण किया गया ।

सरस्वती गार्डन में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में दमोह से पधारे मुख्य अतिथि बहादुर सिंह लोधी विशिष्ट अतिथि डॉ पुष्पेन्द्र बहुजन, डॉ प्रीति बहुजन,नीलम यादव , श्रीमती मिथलेश सुरेन्द्र सिंह रावत थी और विभिन्न समाजों के वरिष्ठ जन मंचासीन थे कार्यक्रम का शुभारंभ तथागत गौतम बुद्ध , महात्मा ज्योतिबा फुले, मां सावित्री देवी डॉ भीमराव अम्बेडकर और दिवंगत सुरेन्द्र सिंह रावत के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक बृजेन्द्र सिंह रावत ने स्वागत भाषण देते हुए बताया कि संविधान ज्ञान प्रतियोगिता के आयोजन का उद्देश्य एससी एसटी ओबीसी अल्पसंख्यक वर्ग के विद्यार्थियों को संविधान की जानकारी देना और मौलिक अधिकारों का ज्ञान व एतिहासिक महापुरुषों के जीवन परिचय से अवगत कराना,व संविधान के प्रति जागरूक करना है प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों को लोकतंत्र में जनता के अधिकार एवं भारतीय संविधान के महत्वपूर्ण पहलुओं की विस्तृत जानकारी से अवगत कराना था उन्होंने बताया कि पिछड़े वर्गों के हक अधिकारों के लिए जीवनपर्यंत संघर्ष करने वाले क्रांतिवीर नशा मुक्ति आंदोलन के प्रणेता शिक्षा विहीन बहुजन बच्चों में शिक्षा की अलख जगाने वाले कर्मवीर शिक्षक दिवंगत सुरेन्द्र सिंह रावत राष्ट्रीय मैराथन धावक की स्मृति में




पिछड़ा वर्ग ( एससी एसटी ओबीसी अल्पसंख्यक) के विद्यार्थियों के लिए संविधान ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है इस परीक्षा में भितरवार अंचल के एससी एसटी ओबीसी अल्पसंख्यक वर्ग के विद्यार्थी शामिल हुए परीक्षा दो वर्ग में आयोजित की गई कक्षा 6 से 11एवं 12 से उच्च शिक्षा तक के विद्यार्थी शामिल हुए ।कार्यक्रम में अतिथि डॉ पुष्पेन्द्र बहुजन ने कहा कि डॉ. बाबा साहब ने देश को संविधान दिया और सामाजिक,आर्थिक, धार्मिक,राजनीतिक क्षेत्र में जो कार्य किया उसी के आधार पर सारा देश चल रहा है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने समाज को सबल बनाने,सर्वशक्तिमान बनाने के लिए संघर्ष किया। लेकिन आज भी हम बहुत कमजोर है और इसे दूर करने हमें अपने बच्चों की प्रतिभा पहचान कर उस क्षेत्र जिससे उसकी रूचि है आगे बढ़ाने का कार्य करे। सबल बनने के लिए शिक्षित बनना होगा संगठित रहना होगा,संघर्ष करना होगा। यही बाबा साहब को सच्ची पुष्पांजली और श्रृद्धांजली होगी।इस दौरान बहादुर सिंह लोधी ने कहा कि आज हमारे समाज में अंधविश्वास पाखंड व कुरीतियों के कारण अज्ञानता बस वैज्ञानिक चेतना को खोकर अपनी उन्नति से विमुख हो गया है और अंधविश्वास जिससे समाज में गरीबी भूखमरी बेगारी बढ़ती जा रही है और युवा नशें की गिफ्त में जा रहे।हमें एकजुट होकर कुरीतियों और अंधविश्वास से लड़ना होगा।केंद्र सरकार देश में जाति आधारित जनगणना कराएं,आउटसोर्सिंग व्यवस्था को समाप्त कर रिक्त व वॉकलाग पदों पर नियमित नियुक्ति करें निजीकरण पर रोक लगाएं। देश में जनसंख्या अनुपात में ओबीसी को 52 प्रतिशत आरक्षण दिया जाए। इस मौके पर संविधान की शपथ दिलाई गई इस मौके पर दौलत सिंह रावत, हरनाम सिंह गुर्जर, संत प्रकाश यादव,रतीराम ओझा, भगवानदास प्रजापति, राधेलाल



बाथम,भाग सिंह कुशवाह,किशन लाल बघेल,गोपाल खटीक,बादाम सिंह रजक, बृजेन्द्र मोदी, रुपेश वर्मा,वासुदेव सेन,नत्थाराम जोशी नारायण सिंह रावत, शंकर सिंह गुर्जर,बृजेन्द्र सिंह रावत, केशव सिंह यादव,जसवंत सिंह यादव, हरगोविंद बाथम भग्गूराम बाथम सहित अनेक लोग उपस्थित थे कार्यक्रम में आभार प्रकट वरिष्ठ संयोजक शंकर सिंह गुर्जर द्वारा किया।सीनियर वर्ग में दिनेश बघेल, जूनियर वर्ग में कृष्णा कुशवाह रही प्रथम,दोनों वर्गों में प्रथम पुरस्कार 5000 ,5000 हजार रुपए राशि से पुरस्कृत हुए प्रतिभागकर्मवीर शिक्षक दिवंगत सुरेन्द्र सिंह रावत राष्ट्रीय मैराथन धावक की स्मृति में पिछड़ा वर्ग (एससी एसटी ओबीसी अल्पसंख्यक वर्ग) के विद्यार्थियों के लिएसंविधान ज्ञान प्रतियोगिता दो वर्ग में आयोजित की गई जिसमें जूनियर वर्ग कक्षा 6से 12 वी तक के विद्यार्थियों और सीनियर वर्ग में 12 वी से उच्च शिक्षा के प्रतिभागी सम्मानित हुए दोनों वर्गों में पुरस्कार राशि एक समान दी जाएगी जिसमें प्रथम पुरस्कार 5000 हजार रुपए, द्वितीय पुरस्कार 3000- हजार रुपए तृतीय पुरस्कार 2000हजार रुपए साथ ही दोनों वर्गों में चतुर्थ स्थान से दसवें स्थान तक आने वाले विद्यार्थियों को 1000-1000 हजार रुपए दिए गए।

सीनियर वर्ग में

प्रथम स्थान दिनेश बघेल पुत्र रामाधार बघेल वार्ड 11 भितरवार

द्वितीय स्थान जितेन्द्र कुशवाह पुत्र बलवंत कुशवाह ग्राम भानगढ़

तृतीय स्थान कुं कल्लो कुशवाह गोविंद सिंह ग्राम देवगढ़

चतुर्थ स्थान यतेंद्र कुशवाह पुत्र बलवंत कुशवाह ग्राम सोता खिरिया

पंचम स्थान कुं पूनम बघेल पुत्री लखना बघेल ग्राम वागवाई

छठवां स्थान कुं नंदिनी यादव पुत्री अमर सिंह वार्ड 12 भितरवार

सातवां स्थान कुं उपासना रावत पुत्री कोमल रावत वार्ड 9 भितरवार

आठवां स्थान दीपेश नामदेव पुत्र हरभजन नामदेव वार्ड 4 भितरवार

नौवां स्थान कु.शिवानी यादव पुत्री बनवारी लाल वार्ड 9भितरवार

दसवां स्थान दीपक जाटव पुत्र उत्तम सिंह मछरिया

जूनियर वर्ग में

प्रथम स्थान कुं कृष्णा कुशवाह पुत्री घनश्याम कुशवाह बघेल ग्राम छिरेंटा

द्वितीय स्थान विनय बाथम पुत्र लखनलाल बाथम वार्ड 4 भितरवार

तृतीय स्थान कुं रुचि रावत पुत्री राकेश रावत वार्ड 9 भितरवार

चतुर्थ स्थान कुं किंजल गौड़ पुत्री मुकेश गौड़ ग्राम हतेडा

पंचम स्थान कुशल गुर्जर पुत्र जीतेंद्र गुर्जर वार्ड 10 भितरवार

छठवां स्थान हर्ष कुशवाह पुत्र जगदीश कुशवाह ग्राम बागवाई फार्म

सातां स्थान कुं नंदिनी रावत पुत्री सुरेन्द्र रावत वार्ड 13 भितरवार

आठवां स्थान पुष्पेन्द्र बाथम पुत्र किशन लाल वार्ड 4 भितरवार

नौवां स्थान अजीत गुर्जर पुत्री बिजेंद्र गुर्जर ग्राम बागवाई

दसवां स्थान विवेक गौड़ पुत्र महेन्द्र गौड़ ग्राम कैरुआ




# नाश्ते में रवा उपमा खाने से मिलेंगे ये लाभ

नाश्ते में अगर कुछ अच्छा (स्वादिष्ट और हेल्दी) खाने को मिल जाए तो पूरा दिन मूड अच्छा रहता है और आप अपनी प्रॉडक्टिविटी में भी अच्छा परिणाम देखते हैं। बस, जरूर इस बात की है कि हम सभी अपने काम और अपने शरीर की जरूरतों को समझें.लेकिन हममें से ज्यादातर लोग बस यहीं मात खा जाते हैं। आइए, जानते हैं दिन की बेहतर शुरुआत करने में रवा उपमा किस तरह हमारी सहायता कर सकता है.

## रवा खाने के फायदे

- दक्षिणी भारत में सूजी को रवा कहा जाता है। उत्तर भारत और हिंदी भाषी राज्यों में सूजी का हलवा जिस तरह आय दिन घरों में बनता है और सभी बहुत चाव से खाते हैं। ठीक इसी तरह सूजी से तैयार उपमा यानी रवा उपमा दक्षिण भारत में बहुत अधिक लोकप्रिय भोजन है।
- रवा यानी सूजी गेहूं से तैयार होती है। यह फाइबर से भरपूर होती है इसलिए इसे पचाना हमारे पाचनतंत्र के लिए आसान होता है।
- फाइबर धीमी गति से डायजेस्ट होता है इसलिए यह लंबे समय तक हमारे शरीर को ऊर्जा देने का काम करता है।
- यानी रवा से बना उपमा खाने के बाद जल्दी से भूख नहीं लगती, नींद नहीं आती और आप लंबे समय स्वयं को तक ऊर्जावान महसूस करते हैं।
- रवा उपमा तैयार करते समय इसमें मौसमी सब्जियां मिलाई जाती हैं। यानी इसे खाने से आपको संपूर्ण पोषण प्राप्त होता है। सब्जियों से विटमिन्स और मिनरल्स साथ ही रवा से दिनभर के लिए ऊर्जा।
- रवा उपमा बनाने में मूंगफली और ड्राई फ्रूट्स का उपयोग किया जाता है। इन्हें खाने से आपको सभी जरूरी अमीनो एसिड्स, ओमेगा-3 फैटी एसिड, फॉलिक एसिड और विटमिन्स तथा मिनरल्स की प्राप्ति होती है।
- रवा उपमा फैट यानी वसा और हानिकारक कॉलेस्ट्रोल से पूरी तरह फ्री होता है। इसलिए यह आपके हार्ट की सेहत के लिए भी एक शानदार नाश्ता है। जो हृदय की पंपिंग को सही बनाए रखने और अपने पौषक तत्वों से रक्त का प्रवाह बनाए रखने का काम करता है।
- रवा उपमा खाने में बहुत अधिक स्वादिष्ट और साथ ही सेहत के गुणों से भरपूर होता है। इसलिए साउथ इंडिया से निकलकर इस फूड ने देश के हर हिस्से और घर में अपनी जगह बना ली है।
- आज के समय में पोहा (मुख्य रूप से मध्य भारतीय आहार) दही चूड़ा (मुख्य रूप से बिहार का भोजन) और रवा उपमा तथा इडली (दक्षिण भारतीय भोजन) अपने-अपने राज्यों की सीमाए पार कर नैशनल फूड बन चुके हैं।
- इसकी खास वजह है कि इन फूड्स को तैयार करने में कम समय लगता है। ये पौषक तत्वों से भरपूर होते हैं और कम ऑइली होने के कारण फिटनेस को किसी तरह का नुकसान नहीं पहुंचाते हैं। इसके साथ ही पाचन के लिहाज से बहुत अच्छे होते हैं तो इन्हें खाने के बाद आलस भी नहीं आता है।



# शरीर में पानी की कमी को हल्के में ना लें

शरीर में पानी की कमी को हल्के में ना लें। ये आपको कई गंभीर बीमारियों की तरफ धकेल सकती है. चिकित्सा विज्ञान के अनुसार, हमारे शरीर का 30 प्रतिशत हिस्सा तरल है और बाकी 70 प्रतिशत में अस्थि और मज्जा शामिल है। यही वजह है कि जल को जीवन की संज्ञा दी गई है। क्योंकि मनुष्य बिना भोजन के कुछ समय रह सकता है लेकिन बिना पानी के रहना असंभव होता है। यानी जल के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है। पानी तो हम सभी लोग पीते हैं लेकिन ज्यादातर लोग शरीर की जरूरत के अनुसार उचित मात्रा में पानी नहीं पीते हैं। यही कारण है कि हमारे समाज में बड़े स्तर पर सूखे की बीमारी से पीड़ित पेशंट देखे जा सकते हैं। खासतौर पर गर्मी के मौसम में डिहाइड्रेशन के मरीजों की मानो बाढ़ आ जाती है।

## हल्के में ना लें यह समस्या

- आमतौर पर शरीर में पानी की कमी होने को हम सभी बहुत हल्के में लेते हैं। यह एक बड़ी वजह है कि डिहाइड्रेशन के कारण बड़ी संख्या में रोगियों की मृत्यु हो जाती है। आइए, यहां जानते हैं शरीर के उन सामान्य लक्षणों के बारे में जो आपके शरीर में पानी की कमी को दर्शाते हैं। ताकि इन लक्षणों के आधार पर आप तुरंत इस समस्या से निजात पा सकें.

## पानी की कमी के सामान्य लक्षण

- जब शरीर में पानी की कमी होती है तो आपके होंठ बहुत सूखे-सूखे हो जाते हैं और उनकी बाहरी त्वचा फटने लगती है। कई बार होठों से खून भी आने लगता है।
- पानी की कमी के कारण गला लगातार सूखा बना रहता है और बार-बार प्यास लगने पर पानी पीने के बाद भी प्यास नहीं मिटती है।
- शरीर में पानी की कमी के कारण सीने पर हल्की जलन, पेट में एसिडिटी या असहजता हो सकती है। साथ ही मुंह से सांसों के साथ लगातार दुर्गंध आती है। ब्रश करने के बाद भी आप सांसों की दुर्गंध फील कर पाते हैं।

## यूरिन, स्किन और मसल्स पर असर

- जब शरीर में पानी की कमी होती है तो पेशाब गाढ़े पीले रंग का आता है। इसके साथ मात्रा में सामान्य से कम होता है और पेशाब के बाद प्राइवेट पार्ट में जलन या खुजली की समस्या हो सकती है।
- डिहाइड्रेशन से जूझ रहे लोगों के शरीर की त्वचा भी बहुत रूखी और बेजान नजर आती है। जो लोग लंबे समय से पानी की कमी से जूझ रहे होते हैं, उनकी त्वचा पर कम उम्र में ही झुर्रियां नजर आने लगती हैं।
- पानी की कमी से मांसपेशियों में दर्द, ऐंठन और जकड़न की समस्या हो सकती है। इसके साथ ही सिर में लगातार दर्द बना रहता है। इस कारण रोगी का चेहरा मुर्झाया हुआ और तेजहीन लगता है।
- जो लोग शरीर की जरूरत के अनुसार पानी नहीं पीते हैं, उनकी आंखों के नीचे काले घेरे साफ देखे जा सकते हैं। इन लोगों की आंखें अंदर धसने लगती हैं और इन्हें हर समय कमजोरी का अहसास बना रह सकता है।



# सेहत समस्याओं से निजात पाने के लिए पुदीने के घरेलू नुस्खे

गर्मियों का मौसम आते ही भूख कम लगने लगती है, पेट व त्वचा की गर्मी बढ़ जाती है। ऐसे मौसम में ऐसी चीजें खाने की जरूरत होती है जो आपको ठंडक दे और पुदीना इस मौसम के लिए एक बेहतरीन विकल्प है। गर्मियों में पुदीना या मिंट के अलग-अलग इस्तेमाल से कई सेहत लाभ पाए जा सकते हैं। आइए, जानते हैं पुदीना के ये 8 बेहतरीन घरेलू नुस्खे

- पेट की गर्मी को कम करने के लिए पुदीने का प्रयोग बेहद फायदेमंद है। इसके अलावा यह पेट से संबंधित अन्य समस्याओं से भी जल्द निजात दिलाने में लाभकारी है। इसका कोई साइड इफेक्ट भी नहीं है।
- दिनभर बाहर रहने वाले लोगों को पैर के तलवों में जलन की शिकायत रहती है, ऐसे में उन्हें फ्रिज में रखे हुए पुदीने को पीसकर तलवों पर लगाना चाहिए ताकि तुरंत राहत मिल सके। इससे पैरों की गर्मी भी कम होगी।
- सूखा या गीला पुदीना छाछ, दही, कच्चे आम के पने के साथ मिलाकर पीने पर पेट में होने वाली जलन दूर होगी और ठंडक मिलेगी। गर्मी हवाओं और लू से भी बचाव होगा।
- अगर आपको अक्सर टॉंसिल्स की शिकायत रहती है और इसमें होने वाली सूजन से भी आप परेशान हैं तो पुदीने के रस में सादा पानी मिलाकर इस पानी से गरारे करना आपके लिए फायदेमंद होगा।
- गर्मी में पुदीने की चटनी का रोजाना सेवन सेहत से जुड़े कई फायदे देता है। पुदीना, काली मिर्च, हींग, सेंधा नमक, मुनक्का, जीरा, छुहारा सबको मिलाकर चटनी पीस लें। यह चटनी पेट के कई रोगों से बचाव करती है व खाने में भी स्वादिष्ट होती है। भूख न लगने या खाने से अरुचि होने पर भी यह चटनी भूख को खोलती है।
- पुदीने व अदरक का रस थोड़े से शहद में मिलाकर चाटने से खांसी ठीक हो जाती है। वहीं अगर आप लगातार हिचकी आने से परेशान हैं तो पुदीने में चीनी मिलाकर धीरे-धीरे चबाएं। कुछ ही देर में आप हिचकी से निजात पा लेंगे।
- पुदीने की पत्तियों का लेप करने से कई प्रकार के चर्म रोगों को खत्म किया जा सकता है। घाव भरने के लिए भी यह उत्तम है। इसके अलावा गर्मी में इसका लेप चेहरे पर लगाने से त्वचा की गर्मी समाप्त होगी और आप ताजगी का अनुभव करेंगे।
- पुदीने का नियमित रूप से सेवन आपको पीलिया जैसे रोगों से बचाने में सक्षम है। वहीं मूत्र संबंधी रोगों के लिए भी पुदीने का प्रयोग बेहद लाभदायक है। पुदीने के पत्तियों को पीसकर पानी और नींबू के रस के साथ पीने से शरीर की आंतरिक सफाई होगी।



# हल्की-हल्की भूख में लें इन तीन सूप का मजा

नाश्ते के बाद और लंच से पहले वाली भूख को हैंडल करने के लिए ज्यादातर लोग चाय, कॉफी या फास्ट फूड और डिब्बाबंद फूड्स का सेवन करते हैं। लेकिन हम यहां आपको चंद मिनट में तैयार होनेवाले उन 3 खास सूप के बारे में बताने जा रहे हैं, जो आपको 'अपनी तो लाइफ सेट है!' जैसा फील देंगे.

## वेजिटेबल सूप

- मौसमी सब्जियों के साथ आप मिक्स वेज सूप तैयार कर सकते हैं। इसके लिए आप किसी एक सब्जी को उबालकर उसका सूप बनाएं और शिमला मिर्च, बीन्स, मशरूम, हरी प्याज और आलू को महीन टुकड़ों में काटकर इन्हें अलग उबाल लें।
- पहले से तैयार सूप में इन सब्जियों को मिलाएं और अपने स्वाद के हिसाब से काला नमक, जीरा पाउडर आदि मिलाएं। ध्यान रखें सूप को गाढ़ा करने के लिए कॉर्नफ्लोर मिलाया जाता है। आप इसका उपयोग कर सकते हैं लेकिन अधिक मात्रा में इसे मिलाने से बचें। नहीं तो यह आपके वजन को बढ़ाने की वजह बन सकता है।

## चुकंदर का सूप

- चुकंदर का सूप बनाने के लिए आप टमाटर, आलू, प्याज, लहसुन, काली मिर्च का पाउडर और नींबू का रस जैसी चीजों का उपयोग करते हैं। ये सभी बहुत पौष्टिक और सेहत को फिट रखनेवाली चीजें हैं।
- चुकंदर का सूप तैयार करने के लिए एक कुकर में बारीक कटे प्याज और लहसुन भून लें। इसके बाद कटे हुए चुकंदर, आलू और टमाटर डालकर भूनें। इन्हें दो मिनट पकाने के बाद कुकर को बंद कर दें और इसमें धीमी आंच पर 4 सीटी आने दें।
- तैयार मिश्रण को मिक्सी में डालकर पीसें और गाढ़ा लिक्विड तैयार करें। इसे छान लें और काली मिर्च पाउडर तथा नींबू का रस मिलाकर सूप तैयार करें और इसे हरी धनिया पत्तियों के साथ गार्निश करके सूप का लुत्फ उठाएं।

## मूंग दाल का शोरबा



- मूंग दाल का शोरबा मात्र 10 मिनट में तैयार हो जाता है। इसके लिए आप बिना छिलके की मूंग दाल को धुलकर कुकर में 3 से 4 सीटी लगा लें। इसे तैयार करते समय आपको पानी की मात्रा सामान्य दाल बनाने से दोगुना रखें और गैस की धीमी आंच पर रखकर ही पकाएं।
- अब इसमें हरी धनिया पत्ती, बारीक कटी हरी मिर्च, बारीक कटा कच्चा प्याज मिलाकर तड़का लगा दें। मसलों के नाम पर इसमें सिर्फ हल्दी पाउडर का उपयोग करें, हल्का काला नमक मिलाएं और काली मिर्च पाउडर मिक्स करके गर्मागर्म शोरबा का लुत्फ उठाएं।



वजन घटाने के लिए लोग न जानें कितनी प्रकार की डायट फॉलो करते हैं। लेकिन अपने आपको भूखा रखकर लंबे समय तक बिना सोचे-समझे किसी भी प्रकार की डायट का पालन करना मुश्किल हो जाता है। वजन घटाना कोई आसान काम नहीं है। शरीर की एक्सट्रा चर्बी को निकालने के लिए नियमित व्यायाम के साथ कैलोरीज भी बर्न करनी पड़ती हैं। इसके लिए आयुर्वेद के पास ऐसे कई तरीके हैं, जिससे शरीर की गंदगी बाहर निकलेगी और आपको वजन कम करने में आसानी होगी। ये तरीके बेहद आसान हैं, लेकिन आपको इन्हें अपनी लाइफस्टाइल का हिस्सा बनाना होगा। आइए जानते हैं क्या हैं वो तरीके जिसे मोटापा घटाने के लिए आयुर्वेद में अहम माना गया है.

# खाली पेट इन चीजों का सेवन करने से घटता है मोटापा

## गर्म पानी के साथ घी और नींबू

200 मिलीलीटर पानी के साथ थोड़ा सा नींबू या घी का सेवन करने से पेरिस्टलसिस में सुधार होता है, जो कि वेस्ट और खाने की गति को नीचे की ओर ढकेलता है। यदि आपका शरीर वात या पित्त प्रकार का है, तो आप इससे आपका पाचन तंत्र चिकना होगा जिससे कब्ज की समस्या दूर होगी।



## डायजेस्टिव चाय

आजकल, बाजार में आयुर्वेदिक चाय की ढेर सारी वैराइटीज उपलब्ध हैं। लेकिन अच्छा होगा कि आप घर पर अपनी चाय खुद ही बना लें। इसके लिए 1 चम्मच जीरा, 1 चम्मच सौंफ, 1 चम्मच धनिया के बीज, 1 इलायची और थोड़ी सी अजवाइन को लेकर 500 मिलीलीटर पानी में तब तक उबालें, जब तक पानी की मात्रा आधी न हो जाए।

## मेटाबोलिज्म बढ़ाने के लिए चाय आजमाएं

अपने मेटाबोलिज्म को तेज बनाने के लिए आप दालचीनी, इलायची, लौंग, कद्दूकस की हुई अदरक, काली मिर्च, हल्दी और स्टार ऐनीज को 500 मिली पानी में उबालें। यह पानी आधा हो जाए तब इसमें आधा नींबू और कोकोनट शुगर मिलाएं। चाय शरीर की गर्मी बढ़ाकर चयापचय में सुधार करके वजन कम करने में मदद करेगी।



## कच्चे फल

सुबह खाली पेट हर्बल चाय पीने के बाद, कच्चे फलों का सेवन करें जो प्रकृति में थोड़े से कसैले हो सकते हैं। ग्रीन और रेड एपल, क्रैनबेरी, ब्लूबेरी, चेरी, स्ट्रॉबेरी, ब्लैकबेरी, अनानास, आंवला और अनार जैसे फलों को ही चुनें। यह फल शरीर में वॉटर रिटेंशन को कम करते हैं और आपकी त्वचा में कोलेजन को बढ़ाते हैं, जिससे वजन कम करने में मदद मिलती है।

## सिलेरी जूस (अजमोद का रस)

तनाव से बचने के लिए आयुर्वेद कच्चे फल और पकी या उबली हुई सब्जियां खाने की सलाह देता है। ऐसी स्मूदी लेने से बचें जिसमें फल, सब्जियां, दूध और दही का मिश्रण शामिल हो। यह शरीर में विषाक्त पदार्थों के संचय का कारण बन सकता है। बल्कि पेट की ब्लोटिंग और अतिरिक्त चर्बी को कम करने के लिए एक चुटकी सेंधा नमक और नारियल तेल के साथ सिलेरी का जूस लें।



## वजन घटाने के पांच बुनियादी नियम भी जानें

- जब आपको भूख लगे तब ही खाएं।
- सूर्यास्त के बाद न खाएं।
- इंटरमिटेंट फास्टिंग करें जिसमें 16 घंटे के तक कुछ भी न खाएं। इससे आपकी ऊर्जा तो बढ़ती है साथ में दिमाग पर कंट्रोल रहता है।
- कच्चे फल खाने के बाद पका हुआ भोजन करें।
- आपका पेट केवल आपकी मुट्ठी के आकार का है। अपनी भूख से 80 प्रतिशत भोजन कम खाएं, ताकि खाना पचाने वाले रस अपना काम आसानी से कर सकें।

# जलभराव की स्थिति निर्मित न हो इसके लिए सभी आवश्यक कार्य कराएँ: ऊर्जा मंत्री श्री तोमर

### वाटर हार्वेस्टिंग को बढ़ावा देने पर दिया विशेष जोर, ऊर्जा मंत्री ने न्यू कॉलोनी नम्बर 3 की समस्याएं जानीं और त्वरित निराकरण के दिए निर्देश





**महेंद्र शर्मा उप संपादक पुष्पांजलि टुडे**

ग्वालियर। उपनगर ग्वालियर की निचली बस्तियों में फिर से जल भराव की स्थिति न बने, इसके लिए सभी आवश्यक कार्य कराएँ। साथ ही रूफ वाटर हार्वेस्टिंग लगाने के लिये स्थानीय निवासियों को प्रोत्साहित करें। न्यू कॉलोनी नं.-3 के पार्क में भी वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाया जाए। इस आशय के निर्देश ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने दिए। श्री तोमर वार्ड-16 के अंतर्गत न्यू कॉलोनी नं.-3 में अतिवर्षा व जल भराव के बाद किए गए सुधार कार्यों का जायजा लेने पहुँचे थे। मंत्री श्री तोमर ने रविवार को न्यू कॉलोनी नं.-3 के भ्रमण के दौरान सड़क, सीवर, पानी तथा बिजली से सम्बन्धित समस्याओं को तत्परता से निराकृत करने के निर्देश मौके पर मौजूद नगर निगम व अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि सीवर की सफाई विशेष प्राथमिकता के आधार पर कराई जाए। साथ ही कहा कि बार-बार जलभराव की स्थिति निर्मित न हो इसके लिए सभी आवश्यक कदम उठाएँ। स्थानीय रहवासियों द्वारा यहाँ के पार्क में असमाजिक तत्वों के जमा होने की शिकायत की जाने पर मंत्री श्री तोमर ने मौके पर मौजूद नगर पुलिस अधीक्षक श्री नागेन्द्र सिंह सिकरवार को इस क्षेत्र में लगातार पुलिस गश्त कराने के निर्देश दिए। उन्होंने इस क्षेत्र में जरूरत के मुताबिक अतिरिक्त नवीन स्ट्रीट लाइटें लगाने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि जो स्ट्रीट लाइटें बंद हैं उन्हें दुरूस्त कराएँ। इस अवसर पर पार्षद श्री महेन्द्र आर्य, अनुविभागीय दंडाधिकारी श्री नरेन्द्र बाबू यादव, अपर आयुक्त नगर निगम श्री मुनीष सिंह सिकरवार, मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी के अधीक्षण यंत्री श्री नितिन मांगलिक, कार्यपालन यंत्री श्री श्रीनिवास यादव, नगर निगम के कार्यपालन यंत्री श्री सुशील कटारे तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

**इन बस्तियों में भी पहुँचे**-ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने घोसीपुरा नम्बर 1 निवासी श्रीमती अवध बाई के बारिश के कारण क्षतिग्रस्त हुए मकान का निरीक्षण किया। इसी कड़ी में विनय नगर सेक्टर 2 में सड़क, बिजली, पानी तथा सीवर की समस्याओं की वस्तुस्थिति जानी और नगर निगम तथा बिजली विभाग के अधिकारियों को तत्परता से निराकरण करने के निर्देश दिए।



## पुरानी रंजिश को लेकर दो लोगों ने फरियादी के साथ गाली गलौज करते हुए फरियादी के चाचा में मारी गोली

### एक आरोपी गिरफ्तार, एक फराफरार

**दैनिक पुष्पांजलि टुडे**

गोहद थाना क्षेत्र अंतर्गत फरियादी ओमराज सिंह गुर्जर पुत्र भूपेन्द्र सिंह गुर्जर उम्र 18 साल नि. नगर पालिका वार्ड क्र 15 गोहद ने पुलिस को बताया कि दिनांक 23.09.2024 को समय करीबन सुबह 10 बजे अर्जुन गुर्जर नि. सिरसौदा ने पुरानी रंजिस को लेकर मेरे मोबाइल पर फोन लगाया गन्दी गन्दी गाली देने लगा और कह रह रहा था कि तुम कितने बडे गुण्डे हो कोट के कुंआ पर आ जाऔ मैनें यह बात घर पर पापा व चाचा को बताई फिर मै अपने पापा भूपेन्द्र सिंह सिंह और चाचा अशोक सिंह व हरनारायण सिंह श्याम राठौर के मकान के तिराहा कोट के कुआ पर आ गए जहां भानू की घटिया की तरफ से अर्जुन गुर्जर व गिर्राज शर्मा मोटरसायकिल टी वी एस स्पोर्ट पर आ गए हम सभी को बहां खडा देखकर गिर्राज शर्मा ने कट्टे से मेरे चाचा अशोक गुर्जर को गोली मार दी जो मेरे चाचा के कमर के दाहिने तरफ गोली लगी जिससे चाचा जमीन पर गिर पड़े फिर अर्जुन गुर्जर व गिर्राज शर्मा मोटरसायकिल छोडकर भागने लगे मेरे पापा व अन्य लोगों ने गिर्राज शर्मा को कट्टे व मोटर सायकिल सहित मौके पर पकड़ लिया और अर्जुन गुर्जर मौके से भाग गया फिर मैं अपने चाचा हरनारायण के साथ अपने घायल अशोक चाचा को मोटरसायकिल पर बिठाकर शास. अस्पताल गोहद ले गए जहां से मेरे चाचा को ग्वालियर रेफर कर दिया। गोहद पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है वही आरोपी की राज शर्मा के फरियादी की मदद से गिरफ्तार कर लिया है और वारदात में प्रयुक्त कट्टे को भी जप्त कर लिया है।

## न्यूज ट्रैक

### बैरसिया क्षेत्र के ग्राम पंचायत ग्राम मेंगरा कलां में चल रही श्री शिवमहापुराण कथा के पांचवें दिन हुआ भगवान शिव पार्वती का विवाह

बैरसिया। पितृ मोक्ष के पावन अवसर पर ग्राम मेंगरा कला के शिव मंदिर परिसर में 19 से 25 सितम्बर तक संगीतमय श्री शिव महापुराण का आयोजन किया जा रहा है।कथा का वाचन जमुसर से निवासी पंडित जितेंद्र मनावत द्वारा किया जा रहा है।कथा के पांचवें दिन सोमवार को पंडित जी ने भोलेनाथ व माता पार्वती के विवाह की कथा उपस्थित भक्तों को सुनाई।कथा सुनाते हुए पंडित जी ने कहा कि माता पार्वती हिमालयराज के यहां अवतरित हुई थी पार्वती बचपन से ही भगवान भोलेनाथ को पूजती थी।उन्होंने कथा सुनाते हुए कहा कि भोलेनाथ व माता पार्वती के विवाह के पहले से ही तारकासुर राक्षस का तीनों लोकों में अत्याचार था और उसका वध भोलेनाथ व माता पार्वती के पुत्र से होना था।इसीलिए भोलेनाथ व माता पार्वती का विवाह पहले से ही होना तय था यानी यह सब लीला भगवान की थी।कथा के दौरान भगवान भोलेनाथ एवं माता पार्वती की जीवंत झांकी आकर्षण का केंद्र रही वहीं कथा को सुनने के लिए बैरसिया जनपद पंचायत सीईओ दिलीप कुमार जैन के अलावा सचिव रामबाबू भार्गव, ललिता प्रसाद सक्सेना कैलाश नारायण साहू मुकेश सिंह ठाकुर घनश्याम मनावत प्रवेश व्यास संतोष भार्गव खूबीलाल दांगी रोजगार सहायक सुरेंद्र सिंह मीणा एवं सुनील जैन भारतीय किसान संघ से विनय सिंह पटेल पहुंचे। वहीं सभी के द्वारा कथावाचक पंडित जी को शाल श्रीफल पुष्पमाला पहनाकर आशीर्वाद लिया। वहीं श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन ग्राम के भीकम दास बैरागी कैलाश नारायण बैरागी एवं समस्त बैरागी परिवार द्वारा अपने माता-पिता की स्मृति में कराया जा रहा है वहीं इस आयोजन में समस्त ग्रामीणों द्वारा बढ़ चढ़कर सहयोग किया जा रहा है।

### स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत हुआ सार्थक संवाद

ग्वालियर। जनपद पंचायत मुरार के सभागार में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत एक सार्थक संवाद कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत मुरार के अध्यक्ष श्री दिलराज किरार ने की। इस अवसर पर विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंचों, सचिवों और ग्राम रोजगार सहायकों ने अपने-अपने क्षेत्र में सूखा और गीला कचरा अलग-अलग करने और कचरे के बेहतर प्रबंधन के लिए जन जागरण अभियान चलाने की बात कही। सभी उपस्थित सदस्यों ने मिलकर स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने और ग्राम पंचायतों में स्वच्छता को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत मुरार के सदस्य, मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। सभी ने मिलकर स्वच्छता के महत्व और इसके सकारात्मक प्रभावों पर चर्चा की। इस संवाद कार्यक्रम का उद्देश्य स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करना और सामुदायिक प्रयासों को प्रोत्साहित करना था।

**स्वभाव में स्वच्छता-संस्कर में स्वच्छता के बारे में सहारन के सहरिया परिवारों को किया जागरूक**-भितरवार जनपद पंचायत क्षेत्र के गाँवों में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत विभिन्न प्रकार की गतिविधियाँ के आयोजन में जन अभियान परिषद का भी सहयोग मिल रहा है। जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्थाओं, ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों तथा मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के छात्रों व परामर्शदाताओं द्वारा गाँव गाँव में स्वभाव में स्वच्छता, संस्कार में स्वच्छता का संदेश दिया जा रहा है। इस कड़ी में सोमवार को विकास खण्ड भितरवार की ग्राम पंचायत सहारन की आदिवासी कॉलोनी पर महिलाओं को स्वभाव में स्वच्छता व संस्कार में स्वच्छता के बारे में जागरूक किया गया।

## जरूरी नहीं रौशनी चिरागों से ही हो

### बेटियाँ भी घर में उजाला करती हैं

ग्वालियर। किसी ने सच ही कहा है कि घर के चिरागों से घर दमकते है पर उतना ही सच यह भी है कि घर में उजाला बेटियों से ही होता है। यह वाक्य सुप्रसिद्ध भगवताचार्य पंडित श्री घनश्याम शास्त्री जी ने गौरवशाली सामाजिक संस्था के मंच पर अंतर्राष्ट्रीय बेटी दिवस के उपलक्ष्य में बेटियों के सम्मान पर कहीं। गौरवशाली सामाजिक संस्था ने रविवार 22 सितंबर को अंतर्राष्ट्रीय बेटी दिवस पर बेटी सम्मान समारोह रखा जिसमे मुख्यातिथि सुप्रसिद्ध भगवताचार्य पंडित श्री घनश्याम शास्त्री जी और संस्था के सभी संरक्षक पदाधिकारियों ने बेटियों को अंगवस्त्र ओढ़ाकर और उपहार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष एड शिल्पा डोगरा ने अपनी टीम में कई नए सदस्यों को दायित्व सौपें। नवीन सदस्यों में संरक्षक के पद पर डा जितेन्द्र सिंह राजावत,श्याम श्रीवास्तव,विनोद सप्रा,गुरमुख जी, श्रीमती तृप्ति भटनागर,श्रीमती सीमा समाधियां,उपाध्यक्ष के पद पर अनूप श्रीवास्तव,संजय बंसल,रेखा गम्भीर,सह सचिव के पद पर योगेंद्र गम्भीर,गौरव बंसल,पंकज जुनेजा वार्ड प्रभारी के पद पर श्रीमती ममता कुशवाहा,मोनू कुशवाहा,ऊषा बाथम, सोशल मीडिया



प्रभारी हरिओम शर्मा सहित अन्य दायित्व सौंपे। संस्था की अध्यक्ष शिल्पा डोगरा ने बेटियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इसे सुनें बेटियों के प्यार में वो जादुई ताकत होती है जो हर मुश्किल को आसान बना देती है। बेटियां न सिर्फ घर की, बल्कि समाज की भी शान होती हैं। वो न केवल अपने घर को बल्कि अपने ससुराल को भी संवारती हैं। वो एक सच्ची दोस्त, एक प्यारी बहन, एक दयालु मां और एक समझदार पत्नी होती हैं। वह अपनी ताकत पहचाने और आत्मनिर्भर बनें। इस अवसर पर मौजूद सभी बेटियों ने केक भी काटा। मंच संचालन संस्था के सचिव वासुदेव मिश्रा ने किया। बेटी दिवस के सम्मान समारोह में संस्था अध्यक्ष एड शिल्पा डोगरा,संरक्षक इंजी विजय शर्मा,श्रीमती रीता डोगरा,दिनेश शर्मा,नरेंद्र चव्हाण, यशपाल कपूर, श्रीमती किरण डोगरा, नितिन डोगरा,रुचि डोगरा,हैप्पी डोगरा, नेहा सप्रा, सुनील करण ,लक्ष्मी करण, महेंद्र भटकारिया, कृष्णा,नीतू राजपूत, डा सुरभि भदकारिया,पिंकी, नैना,कनिष्का भदकारिया, हिमांशु,तेज सिंह, संजय बरथरे, कपिल भार्गव,आदित्य भार्गव, लोकेंद्र भार्गव सहित अन्य लोग मौजूद रहे। उपस्थित सभी लोगों ने नवनियुक्त टीम को शुभकामनाएं दी।

## राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के स्पेशल रिपोर्टर उमेश शर्मा ने किया जेएएच सहित जिले के अन्य अस्पतालों का निरीक्षण

ग्वालियर। ग्वालियर जिले की स्वास्थ्य सेवाओं की वास्तविक स्थिति का पता लगाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग नई दिल्ली के स्पेशल रिपोर्टर उमेश कुमार शर्मा सोमवार को ग्वालियर प्रवास पर रहे। उन्होंने इस दिन ग्वालियर जिले के विभिन्न अस्पतालों में पहुँचकर स्वास्थ्य सेवाओं की वस्तुस्थिति जानी। साथ मरीजों व अटेंडर्स से भी चर्चा की। मानवाधिकार आयोग के स्पेशल रिपोर्टर श्री शर्मा ने जयारोग्य अस्पताल समूह के हजार बिस्तर अस्पताल, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरई एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहना का निरीक्षण किया। इस दौरान आयोग मित्र मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग शिकायत प्रकोष्ठ ग्वालियर चम्बल संभाग श्री दीपक शर्मा, सीएमएचओ डॉ सचिन श्रीवास्तव, नोडल अधिकारी पीसीपीएनडीटी एक्ट डॉ. प्रबल प्रताप सिंह गुर्जर एवं डीपीएम डॉ. विजय भार्गव उनके साथ मौजूद रहे। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के स्पेशल रिपोर्टर शर्मा ने जयारोग्य अस्पताल समूह के निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई के साथ महिलाओं की सुरक्षा से संबंधित व्यवस्था देखी। साथ ही आमजन के बैठने व पीने के पानी आदि व्यवस्थाओं को और बेहतर करने के लिए अस्पताल प्रबंधन को उपयोगी सलाह दी। इस दौरान मेडीकल कॉलेज के डीन डॉ.आर.के.एस. धाकड़ एवं अधीक्षक डॉ. सुनील सक्सेना मौजूद थे। इसके बाद स्पेशल रिपोर्टर शर्मा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरई पहुंचे। उन्होंने वहाँ पर ड्यूटी पर काम करने वाली महिला कर्मचारी एवं अस्पताल में इलाज के लिए आने वाली महिलाओं की सुरक्षा के साथ आमजन को मिलने वाली सेवाओं को देखा। इसके बाद वह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहना पहुंचे और वहां भी इन सब व्यवस्थाओं की वस्तुस्थिति जानी। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के स्पेशल रिपोर्टर उमेश कुमार शर्मा मध्यप्रदेश के सात दिवसीय भ्रमण पर हैं। इस दौरान वे दतिया व छतरपुर जिले के भ्रमण पर भी जायेंगे।

## प्रतिभा सम्मान समारोह सीजन 2 संपन्न

ग्वालियर। श्री धानी यूथ एंड स्पोर्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन ग्वालियर द्वारा 22 सितंबर 2024 को गालव सभागार जीवाजी विश्वविद्यालय में प्रतिभा सम्मान समारोह के द्वितीय चरण का आयोजन किया गया ! कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया ! तत्पश्चात कत्थक विद्या निकेतन की डॉ. मोनिका श्रीवास्तव के सानिध्य में बाल कलाकारों द्वारा गणेश वंदना एवं समूह नृत्य की प्रस्तुति दी गई ! कार्यक्रम में संस्था द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में प्रतिभाशाली 76 प्रतिभाओं का सम्मान किया गया जिसमें शामिल है चिकित्सा , खेल ,नृत्य, मॉडलिंग, इनफ्लुएंसर, ब्लॉगर, लेखक, समाजसेवी, शिक्षा , मेकअप आर्टिस्ट, फैशन एंड मॉडलिंग, यंग अचीवर, कोरियोग्राफर, संगीत, थिएटर आर्टिस्ट, पेंटिंग आर्टिस्ट और भी विभिन्न क्षेत्रों से 76 प्रतिभाओं का चयन किया गया ! इस सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि श्री लोकेंद्र पाराशर जी प्रदेश मंत्री भाजपा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में शिशिर श्रीवास्तव जी एसडीओ पीएचईडी साथ ही संस्था के उपाध्यक्ष श्री राम प्रकाश वर्मा जी प्रधान आर्य समाज मुरार संस्था ,अध्यक्ष प्रवेश श्रीवास, संस्थापक सुनील नार्वे, कोषाध्यक्ष अनिल सिंह, सहसचिव अनुज शर्मा, सदस्य विशाल धौलपुरिया, व संस्था सचिव मीनू गर्ग द्वारा मंच पर प्रतिभाओं को स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लोकेंद्र पाराशर जी ने अपने उद्बोधन में बहुत ही महत्वपूर्ण बिंदु साधारण व असाधारण के अंतर को बहुत ही सरल शब्दों में सबको समझाने का प्रयास किया



यह बताया कि आज के समय में जो चल रहा है बस उसी के साथ सब चलना चाह रहे हैं लेकिन यह रास्ता आपको असाधारण की ओर नहीं ले जाता ऐसा करने से आप सिर्फ एक साधारण व्यक्ति रहेंगे लेकिन अगर आप कुछ अलग रास्ते का चुनाव करते हैं जो आपको सफलता की ओर ले जाता है तो आप एक असाधारण प्रतिभा बन जाते हैं जिस प्रकार आज हमारे सम्मान समारोह में जितनी भी प्रतिभाएं उपस्थित थी वे सभी असाधारण प्रतिभाएं थी असाधारण प्रतिभाओं से अर्थ है कि वह अपने-अपने क्षेत्र में जो भी कार्य कर रहे हैं वह बहुत ही असाधारण है व उस कार्य की वजह से उन्हें यह असाधारण उपलब्धि प्राप्त हुई है इस कार्यक्रम में संस्था द्वारा तीन लोगों का विशेष सम्मान भी किया गया जिसमें सर्वप्रथम विनय श्रीवास्तव जी को संस्था द्वारा 16 ग्राम की सबसे छोटी रामायण लिखने के लिए, इसके साथ ही वाणी पाठक अंतरराष्ट्रीय नृत्य कलाकार को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने देश का परचम लहराने के लिए, जोहान खान को सबसे छोटी उम्र के तबला वादक के लिए एवं सुनील यादव बाहुबली जी को उनके द्वारा अनेकों उपलब्धियां के लिए स्मृति चिन्ह, शॉल, व श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सम्मान की श्रृंखला में कार्यक्रम के सभी सहयोगी एलासा भावना ग्लास एंड हार्डवेयर कंपनी भोपाल के मैनेजिंग डायरेक्टर कृष्ण मुरारी चौरसिया जी एवं कंपनी की सीईओ श्रीमती अंजलि चौरसिया जी , कार्यक्रम के सहयोगी मॉडल कान्वेंट स्कूल दर्पण कॉलोनी के डायरेक्टर प्रताप सिंह जी , सहयोगी ग्वालियर क्रिएशन चैनल से उपेंद्र जी एवं इसी के साथ हमारे सहयोगी आर्य समाज समिति मुरार के प्रतिनिधि श्री राम प्रकाश वर्मा जी प्रधान एवं सुरेंद्र राणा जी मंत्री को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन उपजीत कौर आनंद द्वारा किया गया एवं कार्यक्रम को पूरा व्यवस्थित रूप से संचालित करने के लिए प्रतिभा सम्मान सीजन 2 की टीम जिसमें सर्वप्रथम पूर्णिमा शर्मा जी, तृप्ति राजपूत जी, संजना राठौर जी, सांवी द्विवेदी जी, माही सेन जी, ऐश्वर्या सेन जी, कर्णिका शर्मा जी, ऋषभ सोलंकी जी, अर्पित कुशवाहा जी, शुभम गॉड जी, को भी संस्था द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया ! कार्यक्रम के समापन पर संस्था सचिव मीनू गर्ग द्वारा सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया गया !

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478